page 1_Layout 1 05-10-2026 21:07 Page 1

अनमोल वचन

'जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।'

डेली

आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » मंगलवार, 6 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :164 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ़ पुलिस सरफ़राज़ आलम आईपीएस बरनाला

'युद्ध नशों विरुद्ध' खास अभियान के तहत, बरनाला के सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ़ पुलिस (SSP) सरफ़राज़ आलम (IPS) की कुशल लीडरशिप और SP (इन्वेस्टिगेशन) संजीव गोयल और SP (लोकल) बाल कृष्ण सिंगला की देखरेख में पुलिस टीमें बनाई गईं। पूरे इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें संदिग्ध तस्करों और नशीले पदार्थों की लत वाले लोगों के घरों पर अचानक छापे मारे गए। 14 मामले दर्ज किए गए; 33 लोगों को पुलिस हिरासत में लिया गया। इस खास अभियान के दौरान, पुलिस ने सख्ती बरती और कुल 14 मामले दर्ज किए। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए। 327 ग्राम हेरोइन, 200 नशीली गोलियां, 170 लीटर अवैध शराब बनाने का सामान (लहन), हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया। जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

'ईयू-भारत एफटीए पर साल के अंत तक होंगे हस्ताक्षर',

: फिनलैंड के राजदूत मिक्को किविकोस्की

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर भारत में फिनलैंड के राजदूत मिक्को किविकोस्की ने बड़ी उम्मीद जताई है। उन्होंने इस साल के अंत तक समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद जताई और सभी मंजूरियों के बाद इसके अगले साल लागू होने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध, भारत-फिनलैंड के द्विपक्षीय संबंधों, एआई, रक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को लेकर भी अहम बयान दिया। ईयू-भारत एफटीए पर मिक्को किविकोस्की ने कहा,÷फिलहाल, हमें उम्मीद है कि साल के आखिर तक इस पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। इसके बाद, भारत सरकार और यूरोपीय संघ को इस समझौते को मंजूरी देनी होगी। इसमें शायद कुछ महीने लगेंगे, इसलिए उम्मीद है कि यह अगले साल किसी समय लागू हो जाएगा। जब भारत की ओर से रूस-यूक्रेन विवाद को बातचीत से सुलझाने की अपील के बारे में पूछा



गया तो मिक्को किविकोस्की ने कहा, बिल्कुल, यही एकमात्र तरीका है, जिससे हम ऐसा कर सकते हैं। बातचीत के जरिए समाधान निकाला जाना चाहिए। फिनलैंड उन सभी गतिविधियों की बहुत सराहना करता है, जो भारत इस समय कर रहा है। जब राजदूत मिक्को किविकोस्की से पूछा गया कि भारत और फिनलैंड एआई, रक्षा, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में साथ मिलकर कैसे काम कर सकते हैं, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इसका फॉर्मूला बहुत आसान है। आकार में हम भले ही छोटे हों, लेकिन इनोवेशन और समाधान के मामले में हम काफी बड़े हैं। जाहिर है, भारत के पास बड़े पैमाने पर काम करने की क्षमता और टैलेंट है। इसलिए, यह एक बहुत अच्छा मेल है। असल में, जब हम अपनी ताकत को मिलाते हैं, तो हम साथ मिलकर बड़ी चीजें हासिल कर सकते हैं। भारत और फिनलैंड के संबंधों पर किविकोस्की ने कहा, हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं। इस साल गतिविधियों के मामले में रिकॉर्ड बना है। हमारे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने भारत का दौरा किया। ओस्लो में इंडिया-नॉर्डिक समिट हुई। आपके विदेश मंत्री और वाणिज्य मंत्री ने फिनलैंड का दौरा किया। हाल ही में गांधीनगर में वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम आयोजित हुआ। यह फिनलैंड और भारत की सरकारों की संयुक्त कोशिश थी। वहीं, एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि जब इस साल जनवरी में यूरोपीय संघ और भारत के बीच समिट हुई थी, तो असल में भारत और यूरोपीय संघ के बीच बातचीत में रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को भी शामिल किया गया था। जाहिर है कि यह फिनलैंड के लिए अहम है। इसलिए, ईयू के एक सदस्य देश के तौर पर, हम रक्षा और सुरक्षा में सहयोग को जरूर आगे बढ़ाएंगे। फिनलैंड के राजदूत ने कहा कि मिसाल के तौर पर, कई चीजें पहले से ही चल रही हैं। मैं बस एक ऐसी चीज का जिक्र करना चाहता हूं, जिसका संबंध फिनलैंड से है। फिनलैंड की दो कंपनियां, नोकिया, जिसे आप अच्छी तरह जानते हैं और जो आजकल डिफेंस के क्षेत्र में भी काम कर रही है और आईसीईवाईई, जो सैटेलाइट से जुड़ी एक और फिनिश कंपनी है, इन्होंने पिछले हफ्ते ही सहयोग की घोषणा की है। यह सहयोग मुख्य रूप से सॉवरेन, डुअल-यूज सैटेलाइट कम्युनिकेशन सिस्टम पर है, जिनका मालिकाना हक और संचालन उन देशों के पास होता है जो इनका इस्तेमाल करते हैं।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में

पंजाब मंत्रिमंडल ने योजनाबद्ध और टिकाऊ विकास के लिए 'रणजीतगढ़ डेवलपमेंट अथॉरिटी बिल, 2026' को दी हरी झंडी



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/सुकून महाजनः मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब मंत्रिमंडल ने आज 'रणजीतगढ़ डेवलपमेंट अथॉरिटी (आर.डी.ए.) बिल, 2026' को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान लिया गया। इस संबंधी जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि 'रणजीतगढ़ डेवलपमेंट अथॉरिटी बिल, 2026' रणजीत सागर बांध और शाहपुर कंडी बांध क्षेत्रों के योजनाबद्ध और टिकाऊ विकास के लिए 'रणजीतगढ़ डेवलपमेंट अथॉरिटी' (आर.डी.ए.) की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा। आर.डी.ए. की स्थापना पर्यटन और सांस्कृतिक मामले विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक वैधानिक संस्था के रूप में की जाएगी। इसे एकीकृत विकास, भूमि प्रबंधन, परियोजनाओं को लागू करने और पर्यटन स्थलों के उचित प्रबंधन के लिए आवश्यक प्रशासनिक, वित्तीय और नियामक शक्तियां दी जाएंगी। इस अथॉरिटी के चेयरमैन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान होंगे, जबकि पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामले मंत्री इसके वाइस-चेयरमैन होंगे। मुख्य सचिव के नेतृत्व वाली एक कार्यकारी समिति इसके दैनिक कामकाज और अंतर-विभागीय समन्वय की निगरानी करेगी। मंत्रिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सी.ई.ओ.), पंजाब के कार्यालय में ड्राइवरों के नए पद सृजित करने को भी मंजूरी दे दी है। ये पद 19 स्थायी पदों में से सेवादारों के पदों तथा मुहर्रिर के एक स्थायी पद को सरेंडर करके बनाए गए हैं। इस कदम का उद्देश्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंजाब के कार्यालय के कामकाज को और अधिक सुचारू बनाना है। मंत्रिमंडल ने चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के अधीन सरकारी नर्सिंग कॉलेज, पटियाला और अमृतसर में ट्यूटर के पदों को पदोन्नति के माध्यम से भरने के लिए 'पंजाब नर्सिंग एजुकेशन सर्विस रूल्स (ग्रुप बी), 2016' के परिशिष्ट-बी में संशोधन को भी मंजूरी दे दी है। ये पद निदेशक, अनुसंधान एवं चिकित्सा शिक्षा, पंजाब के नियंत्रण के अधीन नियमित आधार पर कार्यरत ऐसी स्टाफ नर्सों और नर्सिंग सिस्टर्स में से भरे जाएंगे, जिन्होंने संबंधित क्षेत्र में एम.एससी. (नर्सिंग) की हो।

बीबा हरसिमरत कौर बादल ने ड्रग तस्करों की पहचान करने के लिए माई 'भागो मावां-धीयां' दी फौज का किया शुभारंभ

- **महिलाओं से आग्रह किया कि वे फार्म भरकर यां 8595170170 पर मिस्ड काल भेजकर नशे की इस बुराई को खत्म करने के आंदोलन में शामिल हों**

डेली आवाज भारती



श्री मुक्तसर साहिब /चंडीगढ़। शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आज राज्य भर में ड्रग तस्करों और उनके गॉड-फादर की पहचान करने के लिए 'माई भागो मावां-धीयां दी फौज'' के अभियान की शुरूआत की और पंजाबियों को आश्वासन दिया कि अगली अकाली दल सरकार महिलाओं द्वारा पहचाने गए सभी अपराधियों के खिलाफ के ी कार्रवाई करेगी। बठिंडा सांसद ने माई भागो (श्री मुक्तसर साहिब) की धरती से ड्रग विरोधी अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत करते हुए एक विशाल महिलाओं की सभा को संबोधित किया। उन्होने कहा,'' इस चरण मे हम अपनी महिलाओं को सशक्त बनाएंगें ताकि वे बदलाव की सूत्रधार बन सकें।''

स्त्री अकाली दल की प्रधान बीबी हरगोबिंद कौर और श्री मुक्तसर साहिब के हलका इंचार्ज कंवरजीत सिंह रोजी बरकंदी के साथ उन्होने इस अवसर पर एक फॉर्म जारी किया और कहा कि इसे पूरे राज्य में वितरित किया जाएगा। उन्होने महिलाओं से फार्म भरने का आग्रह करते हुए कहा कि जो महिलाएं फार्म नही भर सकती , वे 8595170170 पर मिस्ड काल कर सकती। बीबा हरसिमरत कौर बादल ने महिलाओं से कहा कि वे अपने आसपास नशे की तस्करी और विक्रताओं के साथ-साथ उन्हें सरंक्षण देने वालों के नाम भी दर्ज करें। उन्होने कहा कि एक महिला डीजपी की अगुवाई में ये फॉर्म भेजे जाएंगें ताकि दोषियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जा सके। यह कहते हुए कि इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए प्रत्येक महिला के साथ की आवश्यकता है। उन्होने कहा,'' मुझे पूरा विश्वास है- मावां धीयां दी ललकार, बंद करेगी नशे दा व्यापार''। उन्होने इस अभियान को सफल बनाने के लिए महिलाओं से हर गांव और मोहल्ले में एक 'जत्था' बनाने का आग्रह किया। उन्होने कहा,'' मैं आपको विश्वास दिलाती हूं कि अगली अकाली दल सरकार न केवल नशे की समस्या को हमेशा के लिए खत्म कर देगी, बल्कि दोषियों को जमानत की अनुमति नही दिए बिना दस साल सलाखों के पीछे रखने के लिए एक नया कानून भी लाया जाएगा।''

यह कहते हुए कि पंजाब की महिलाएं न केवल अपने परिवारों की रक्षा करने और अपनी आने वाली पीि यों की रक्षा करेन के लिए एकजुट होंगी, बठिंडा सांसद ने महिलाओं से इस कार्य को पूरा करने के लिए पार्टी लाइन से उपर उठने का आग्रह किया। उन्होने बताया कि कैसे एक महिला होने के नाते उन महिलाओं की पी ा से दुखी हो गई जिन्होने नशे की वजह से अपने बेटों को खो दिया है। उन्होने कहा,'' मैं आप सभी से आग्रह करती हूं कि जो आग आपके पड़ोसियों के घर को जला रही है आपके घर को भी चपेट में ले सकती है।

गुटों के समझौतों पर टिका नेतृत्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की निराशा का कारण; संगरूर और मालवा की हुई अनदेखी : अमन अरोड़ा

पंजाब कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष परगट सिंह से अब तक नहीं मिले राहुल गांधीः अमन अरोड़ा

डेली आवाज भारती

- **विजय इंदर सिंगला की अनदेखी कर संगरूर और मालवा के लोगों की उम्मीदों के साथ किया विशसघात**
- **नशे के खिलाफ अभियान में 15,000 ग्राम और वार्ड रक्षा समितियां निभा रही हैं अहम भूमिका**



संगरूर। पंजाब के कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने सोमवार को कांग्रेस की आंतरिक गुटबाजी और उसके हाईकमान के फैसलों पर सवाल उठाते हुए कहा कि पार्टी ने पंजाब में अपने कार्यकर्ताओं की भावनाओं की अनदेखी करके विभिन्न गुटों के बीच समझौतों पर आधारित नेतृत्व थोपा है। इससे जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ता निराश हैं और उनका पार्टी नेतृत्व से मोहभंग हो रहा है।

यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अमन अरोड़ा ने अपनी ओर से और आम आदमी पार्टी की ओर से पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष परगट सिंह को शुभकामनाएं दीं। परगट सिंह को अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, ओलंपियन, पूर्व पुलिस अधिकारी और तीन बार के विधायक बताते हुए अमन अरोड़ा ने कहा कि खेल के मैदान में टीम का नेतृत्व करने का अनुभव रखने वाले व्यक्ति को अब पंजाब में कांग्रेस का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा, ÷परगट सिंह ने हॉकी के मैदान में टीम का नेतृत्व किया है और अब उन्हें पंजाब में कांग्रेस का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई है। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। हालांकि, उनकी नियुक्ति के बाद के घटनाक्रम कांग्रेस की आंतरिक अस्थिरता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग का उल्लेख करते हुए अमन अरोड़ा ने कहा, ÷अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने मुश्किल समय में कांग्रेस की कमान संभाली और साढ़े चार साल तक पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया। लेकिन भूपेश बघेल की जगह कांग्रेस के पंजाब प्रभारी बने सचिन पायलट ने पंजाब के महज दो घंटे के दौरे के दौरान ही उन्हें हटाने का फैसला कर लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे फैसले वर्षों से पार्टी के लिए काम कर रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं के मनोबल को प्रभावित करते हैं।

अमन अरोड़ा ने आगे कहा कि परगट सिंह को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त हुए चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन राहुल गांधी ने अब तक उन्हें मिलने का समय नहीं दिया है। उन्होंने कहा, परगट सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अंबिका सोनी से शिष्टाचार भेंट की है। लेकिन जब अपनी ही पार्टी की प्रदेश इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष को केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात का समय नहीं मिलता, तो यह पंजाब के प्रति कांग्रेस हाईकमान के रवैये पर सवाल खड़े करता है।

समय पर इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं पूरी करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल जरूरी : नितिन गडकरी

डेली आवाज भारती




नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को गुजरात में आयोजित चिंतन शिविर 2026- ए नेशनल कॉन्क्लेव ऑन हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और परियोजना क्रियान्वयन एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय और संयुक्त प्रयास आवश्यक हैं। इस दो दिवसीय आयोजन में विभिन्न राज्यों के परिवहन और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, क्रियान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधि और अन्य हितधारक शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य राजमार्ग विकास, परियोजना क्रियान्वयन और अवसंरचना निर्माण से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करना है। गडकरी ने कहा कि चिंतन शिविर केंद्र और राज्यों को एक साझा मंच उपलब्ध कराता है, जहां वे जमीनी स्तर के अनुभवों को साझा कर सकते हैं और राजमार्ग विकास में सामने आने वाली चुनौतियों के व्यावहारिक समाधान तलाश सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि विभिन्न राज्यों द्वारा अपनाई गई सफल कार्य प्रणालियों और नवाचारों की पहचान की जानी चाहिए तथा जहां संभव हो, उन्हें दूसरे राज्यों में भी लागू किया जाना चाहिए। इससे परियोजनाओं के क्रियान्वयन और अवसंरचना निर्माण के परिणामों को बेहतर बनाया जा सकेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में राजमार्ग विकास का फोकस गुणवत्ता, सुरक्षा, गति और विश्वस्तरीय मानकों पर होना चाहिए। उन्होंने परियोजनाओं की शुरुआत से पहले बेहतर योजना बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। गडकरी ने बताया कि डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करते समय विस्तृत सर्वेक्षण, सड़क के संरेखण (एलाइनमेंट) की योजना, भूमि अधिग्रहण, उपयोगिताओं के स्थानांतरण और आवश्यक वैधानिक मंजूरियों की समय पर व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। यदि प्रारंभिक स्तर पर तैयारी बेहतर हो, तो परियोजनाओं में देरी और लागत वृद्धि को काफी हद तक रोका जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को भी राजमार्ग नियोजन और परियोजना डिजाइन का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए। दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर निर्माण और योजना चरण में ही उपयुक्त सुरक्षा उपायों को शामिल करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। चिंतन शिविर के विषयगत सत्रों में परियोजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी चुनौतियों, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों और ऐसे व्यावहारिक समाधानों पर चर्चा की जा रही है, जिन्हें देशभर में दोहराया जा सके। गडकरी ने नई तकनीकों, नवाचारी निर्माण पद्धतियों और कम लागत वाली लेकिन टिकाऊ निर्माण सामग्रियों के अधिक व्यापक उपयोग का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे परियोजनाओं की गुणवत्ता बेहतर होगी और निर्माण एवं रखरखाव लागत दोनों में कमी आएगी।

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने सीएम भगवंत मान के करीबी ओएसडी के खिलाफ ईडी के आरोपों की सीबीआई जांच के आदेश

डेली आवाज भारती



पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने सोमवार को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (CBI) को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ऑफ़सि से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया [निखिल सराफ़ बनाम पंजाब राज्य और अन्य चीफ़ जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की बेंच ने CBI से कहा कि वह अपनी जांच की रिपोर्ट दो महीने के भीतर दाखिल करे। कोर्ट ने निर्देश दिया, ÷पंजाब राज्य और पंजाब पुलिस, निष्पक्ष जांच करने में CBI को पूरी मदद करेंगे। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने सोमवार को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (CBI) को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ऑफ़सि से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया निखिल सराफ़ बनाम पंजाब राज्य और अन्य चीफ़ जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की बेंच ने CBI से कहा कि वह अपनी जांच की रिपोर्ट दो महीने के भीतर दाखिल करे। कोर्ट ने निर्देश दिया, पंजाब राज्य और पंजाब पुलिस निष्पक्ष जांच करने में CBI को पूरी मदद करेंगे। यह आदेश वकील निखिल सराफ़ द्वारा दायर एक जनहित याचिका (PIL) पर पारित किया गया था। उन्होंने कोर्ट को बताया कि पंजाब पुलिस मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के ऑफ़सिर ऑन स्पेशल ड्यूटी (OSD) राजबीर सिंह घुमन के ख़लिाफ़ आरोपों की जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ED) द्वारा लिखे गए पत्रों पर उचित कार्रवाई करने में विफल रही है। श्वष्ठ के अनुसार, नितिन गोहल नाम का एक व्यक्ति सरकार से फ़ायदा चाहने वाले लोगों और ह्रस्ष्ठ घुमन के बीच बिचौलिए का काम करता था। ये आरोप तबादलों, गोपनीय सरकारी दस्तावेज़ों तक पहुँच, हथियारों के लाइसेंस दिलाने और अन्य लाभों से संबंधित हैं। पंजाब में सत्ता में मौजूद आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार पर राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए ED का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। आज, कोर्ट ने कहा कि श्वष्ठ द्वारा साझा की गई जानकारी प्रथम दृष्टया एक उच्च सार्वजनिक पद पर संज्ञेय अपराधों (cognizable offences) के किए जाने का संकेत देती है, जिससे जनहित को ख़तरा हो सकता है। कोर्ट ने पाया कि 3 अगस्त को ED द्वारा जानकारी साझा किए जाने के बाद से पुलिस ने केवल एक तरह की प्रारंभिक जांच की थी।

कोर्ट ने आगे कहा कि हालांकि कई लोगों को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन मान के OSD को जांच में शामिल होने के लिए नहीं कहा गया था। कोर्ट ने कहा, फ़ैक्ट शीट पंजाब ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन द्वारा प्रस्तुत में केवल यह बताया गया है कि इन लोगों ने मामले में समय मांगा था। दिलचस्प बात यह है कि मुख्यमंत्री के ऑफ़सि में ह्रस्ष्ठ के पद पर तैनात श्री राजबीर घुमन न तो प्रारंभिक जांच में शामिल हैं और न ही इस मामले में उनसे कोई जवाब मांगा गया है। कोर्ट ने यह भी पाया कि पंजाब पुलिस ED के डॉक्यूमेंट्स की साफ़ कॉपी मांगने के बहाने मामले में देरी कर रही थी। कोर्ट ने कहा, "ED के कम्युनिकेशन में बताए गए लोगों को नोटिस जारी करने और लगभग एक महीने तक लंबी बातचीत के बाद साफ़ कॉपी मांगना, हमें दिए गए नोट को खोखला साबित करता है। इससे याचिकाकर्ता की इस बात को बल मिलता है कि समय इसलिए मांगा जा रहा है ताकि दोषियों को बचाने और उपलब्ध सबूतों (या निष्पक्ष जांच होने पर जो सबूत मिल सकते हैं) में हेरफेर करने की रणनीति बनाई जा सके। कोर्ट ने आगे कहा कि श्वष्ठ द्वारा भेजे गए मटीरियल में दोषी ठहराने वाले सबूत थे और उम्मीद थी कि राज्य पुलिस इस पर जम्मिेदार प्रतिक्रिया देगी। कोर्ट ने कहा, "ED द्वारा शेयर किए गए मटीरियल से पहली नज़र में भ्रष्टाचार के कामों में बड़े सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत का संकेत मिलता था और कम से कम FIR दर्ज करने की ज़रूरत थी ताकि मामले की ठीक से जांच हो सके।

पंजाब पुलिस की प्रतिक्रिया ऐसी नहीं थी। सीनियर एडवोकेट विक्रम चौधरी, एडिशनल एडवोकेट जनरल चंचल के सिंगला, एडिशनल एडवोकेट जनरल फेरी सोफ़ात के साथ एडवोकेट केशवम चौधरी, ऋषभ तिवारी, दिया भगवान और कविता जोशी ने पंजाब राज्य का प्रतिनिधित्व किया।

page 2_Layout 1 05-10-2026 16:51 Page 1

सिंगापुर में SING FORUM के मंच पर सीएम नायब सैनी

हरियाणा में निवेश के नए अवसरों पर कंपनियों से चर्चा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिंगापुर में स्ट्रेट्स स्नहक्रू के मंच पर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर प्रदेश में निवेश के नए अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में हरियाणा में डेटा सेंटर स्थापित करने, हिसार के आसपास रक्षा क्षेत्र में निवेश, आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और नई तकनीकों को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार उद्यमियों और निवेशकों को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कंपनियों के प्रतिनिधियों को हरियाणा आने और प्रदेश में निवेश करने का आमंत्रण दिया। सैनी ने कहा कि निवेशकों के हर कदम पर राज्य सरकार उनके साथ खड़ी रहेगी और परियोजनाओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी।

डेटा सेंटर और रक्षा क्षेत्र में निवेश पर जोर

बैठक के दौरान हरियाणा में डेटा सेंटर स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इसके अलावा हिसार के आसपास रक्षा क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने तथा प्रदेश के आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत बनाने के मुद्दे पर भी मंथन किया गया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि नई तकनीकों को अपनाकर हरियाणा को औद्योगिक और तकनीकी विकास का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। पानीपत और गुरुग्राम में किफायती आवास पर चर्चा

बैठक में पानीपत में हाउसिंग क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसी क्रम में गुरुग्राम में किफायती दरों पर रिहायशी क्षेत्र विकसित करने तथा हाउसिंग फॉर रेंटल नीति को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आवास व्यवस्था को अधिक सुलभ बनाने और लोगों को किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। इसके लिए निजी क्षेत्र के निवेश और सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है। 'मेक इन इंडिया' में हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे 'मेक इन इंडिया' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान को आगे बढ़ाने में सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा 'मेक इन इंडिया' के लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और राज्य को औद्योगिक तथा तकनीकी विकास का प्रमुख केंद्र बनाने के प्रयास जारी रहेंगे। बैठक में शामिल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के सकारात्मक रुख और हरियाणा सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों की सराहना की। इस दौरान प्रदेश में निवेश के अनुकूल माहौल तैयार करने, इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने और नई तकनीकों को बढ़ावा देने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार उद्यमियों के साथ मिलकर प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि उनके हितों की रक्षा और परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक सहयोग निरंतर उपलब्ध कराया जाएगा।

11 ग्राम हेरोइन के साथ पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय एवं थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 11 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई महिन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शख के अधार पर सुखप्रीत सिंह उर्फ सुखा पुत्र जगरुप सिंह वासी गांव माछीवाड़ा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामले संबंधी थाना गुरुहरसहाय के एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर गौदाम बस्ती डेरियां वाली से गुरप्रीत सिंह पुत्र गगु सिंह व जशनदीप सिंह पुत्र तारा सिंह वासी शरीह वाला बराड़ को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे महिन्द्र सिंह व राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में दोषियों पर मामले दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

अम्बाला छावनी सिविल अस्पताल विस्तार को सैन्य भूमि के लिए रक्षामंत्री से मिला आश्वासन : अनिल विज

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी सिविल अस्पताल की एक्सटेंशन को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करते हुए चर्चा की और रक्षामंत्री ने इस बारे में साकारात्मक आश्वासन दिया। इसी संबंध में आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर उन्होंने अम्बाला छावनी सिविल अस्पताल के विस्तार के लिए साथ लगती सैन्य भूमि लेने की बात की है।

उन्होंने बताया जब अम्बाला छावनी बसी थी उस समय यहां जनसंख्या लगभग 30-40 हजार थी और उसी हिसाब से उन्होंने अस्पताल की जगह छो ी थी, अब जनसंख्या लगभग तीन-चार लाख हो चुकी है जिस वजह से अस्पताल की जगह कम पे रही है।

विज ने कहा कि अब हम आगे सिविल अस्पताल की एक्सटेंशन करना चाहते हैं, कुछ प्रोजेक्ट हमारे पास भी हुए जैसे पूर्व सीएम मनोहरलाल जी ने कैंसर अस्पताल के तीमारदारों के लिए धर्मशाला बनाने के लिए 10 करो रुपए दिए थे, ऐसे ही स्पाइन इंजरी सेंटर जोकि सारे हरियाणा में कही नहीं वो भी अम्बाला छावनी के लिए मंजूर हुआ है। मगर इसे लिए जगह नहीं है और इसके चारों ओर जब अम्बाला सदर बना वो छावनी बोर्ड से काटकर 5 फरवरी 1977 में बना था। बाकि जगह छावनी बोर्ड व सेना की है।

विज ने कहा कि अगर सिविल अस्पताल की एक्सटेंशन करें तो सिर्फ सैन्य भूमि की बचती है जिसकी आवश्यकता है। सैन्य भूमि लेने की प्रक्रिया है और यह आसान काम नहीं, लंबी प्रक्रिया है। इस संबंध में कल राजनाथ सिंह से मुलाकात हुई और उन्होंने सकारात्मक आश्वासन दिया है, पहले भी हमने केस बनाकर मूव किया है। उन्होंने कहा कि वह अधिकारियों से कहेंगे कि पूरे दस्तावेजों के साथ सैन्य भूमि लेने की जो शर्तें होती है उनके साथ पत्राचार किया जाए। उन्हें विश्वास है कि आने वाले समय में इस अस्पताल का विस्तार होना बहुत जरूरी है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि विपक्ष बेवजह नॉन इश्यू को इश्यू बना रहा है क्योंकि विपक्ष पिट चुका है। उन्होंने कहा आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की विकास और काम करने वाले राजनीति ने इन्हें पछे दिया है क्योंकि इनकी राजनीति झूठे नारे, वायदों, घोषाणाओं की थी। अब ये मतदाता सूचियों को लेकर बवाल मचा रहे हैं, उसी मतदाता सूची से हम जीते तो हम गलत हैं, उसी मतदाता सूची से राहुल गांधी गांधी व प्रियंका गांधी जीती तो वह ठीक है, मतदाता सूचियां गलत है।

4 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान सहित दो गिरफ्तार

- गिरफ्तार लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी एवं सदर की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सिटी जीरा के इंस्पैक्टर जसविन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी जीरा के नजदीक से शक के अधार पर संदीप कुमार पुत्र सुखदेव कुमार वासी दोधीयां वाली जीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, 1 लाईटर और 10 रुपए का नोट बरामद किया है। जबकि दूसरे मामलें में थाना सदर जीरा के एएसआई शमशेर सिंह ने बताया कि उन्होने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव बंडाला पुराना के नजदीक से रमनजीत सिंह उर्फ जगा पुत्र सुरजीत सिंह वासी गांव सनेर को शक के अधार पर गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे जसविन्द्र सिंह व शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस ने रमनजोत व संदीप पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

पैक्स आयुर्वेदिक अस्पताल द्वारा पहला आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

कैंप में 412 मरीजों की हुई जांच, 216 विशेष स्वास्थ्य टेस्ट कर दी गई मुफ्त दवाईयां

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): लोगों को गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाओं से जोडने और आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पैक्स आयुर्वेदिक अस्पताल गुरहरसहाय द्वारा पहला आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। मालूम हो कि शिविर को क्षेत्र के लोगों का भरपूर समर्थन मिला। शिविर के दौरान 412 मरीजों की जांच और मेडिकल सलाह दी गई। इस अवसर पर 70 ब्लड शुगर टेस्ट और 146 बीएमडी (हड्डी खनिज घनत्व) टेस्ट मुफ्त किए गए। जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त आयुर्वेदिक दवाएं उपलब्ध



पैक्स आयुर्वेदिक अस्पताल की तरफ से आयोजित पहले आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच शिविर में डाक्टर मरीजों की जांच करते हुए।

कराने के साथ-साथ शिविर में मुफ्त भोजन की सेवा भी की गई। शिविर में डा.मनप्रीत सिंह, आयुर्वेदिक चिकित्सक द्वारा पुरुष स्वास्थ्य समस्याओं और पुरानी बीमारियों से संबंधित मरीजों की जांच की गई। वहीं डा.साईयोना आयुर्वेदिक चिकित्सक और पटियाला की पूर्व वरिष्ठ अनुसंधान फेलो द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य और त्वचा रोगों से संबंधित मरीजों को सलाह और उपचार प्रदान किया गया। मालूम हो कि उन्हें गुरहरसहाय की पहली महिला आयुर्वेदिक चिकित्सक होने का सम्मान प्राप्त है। चार पीढि ों से आयुर्वेद की सेवा से जुड़े पैक्स आयुर्वेदिक अस्पताल का उद्देश्य आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाना है। अस्पताल प्रबंधकों ने कहा कि शिविर का मकसद सिर्फ उपचार और जांच तक सीमित नहीं था, बल्कि लोगों को प्रामाणिक आयुर्वेद के बारे में जागरूक करना और आयुर्वेद से जुड़ी गलत धारणाओं और मिथकों को दूर करना भी था। शिविर की सफलता पर अस्पताल प्रबंधसकों ने क्षेत्र के लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनहित और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए ऐसे शिविर भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

पुलिस ने छापेमारी करके चोरी के 8 मोटरसाईकिलों सहित 2 को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने चोरी की धाराओं तहत दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी फिरोजुपर की पुलिस ने समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर रेलवे स्टेशन के नजदीक छापेमारी करके दो लोगों को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चोरी के मोटरसाईकिल बरामद किए है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ चोरी की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई अयूब मसीह ने बताया उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि शेखर उर्फ दीपक पुत्र सुरिन्द्र कुमार वासी खालसा कालोनी की बैक साईड गली नंबर 11 फिरोजपुर छावनी व बुटा पुत्र विजय वासी गांधी नगर रखड़ी खुशहाल सिंह वाला मोटरसाईकिल चोरी करके आगे बेचने के आदि है और आज भी वह रेलवे स्टेशन फिरोजपुर के पास बनी खंडर ईमारत में खड़े चोरी के मोटरसाईकिल बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहे है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके शेखर व बुटा को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 8 मोटरसाईकिल बरामद किए है। मामले की जांच कर रहे अयूब मसीह ने बताया कि पुलिस ने दोनों दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

हरियाणा में बढ़ते जन असंतोष से भाजपा ने दबाया 'पैनिक बटन' : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में लंबे समय से सत्ता में बैठी भाजपा सरकार के प्रति जनता का भरोसा लगातार कमजोर हुआ है। बेरोजगारी, युवाओं में बढ़ता नशा, कानून-व्यवस्था की स्थिति और आम लोगों के रोजमर्रा के कामों में आ रही परेशानियों ने सरकार के दावों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पोर्टल व्यवस्था और जुमलेबाजी से परेशान प्रदेश की जनता अब घोषणाएं नहीं, बल्कि धरातल पर काम और अपनी समस्याओं का समयबद्ध समाधान चाहती है। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ हरियाणा के भाजपा विधायकों की बैठक के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या भाजपा नेतृत्व को अब प्रदेश में बढ़ते जन असंतोष का एहसास होने लगा है। मौजूदा परिस्थितियों को देखकर ऐसा लगता है कि सरकार में



'पैनिक' की स्थिति है और इसी कारण शीर्ष नेतृत्व को विधायकों के साथ बैठकर हालात की समीक्षा करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जनता का टूटा हुआ भरोसा केवल बैठकों, प्रचार या बड़े-बड़े दावों से वापस नहीं आता। उसके लिए सरकार को जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का वास्तविक समाधान करना पड़ता है।

सांसद ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न वर्ग अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं और सरकारी कर्मचारी भी आंदोलनों का रास्ता अपना रहे हैं। दूसरी ओर शहरों और नगरों में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक है, कई विकास कार्य अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ रहे और आम नागरिक अपने काम करवाने के लिए परेशान हैं। सरकार को यह समझना होगा कि शासन का अर्थ केवल पोर्टल बनाना और घोषणाएं करना नहीं, बल्कि लोगों को सुगम व्यवस्था देना और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रधानमंत्री विधायकों के साथ बैठक करें, इसमें किसी को आपत्ति नहीं हो सकती, लेकिन ऐसी बैठकों का परिणाम हरियाणा की जनता को धरातल पर दिखाई देना चाहिए। प्रदेश के युवाओं को रोजगार, महिलाओं और आम नागरिकों को सुरक्षित माहौल, नशे पर प्रभावी अंकुश, बेहतर कानून-व्यवस्था, कर्मचारियों की जायज समस्याओं का समाधान तथा गांवों और शहरों में विकास चाहिए।

हरियाणा के खिलाड़ियों ने फिर बढ़ाया देश का मान

कुमारी सैलजा ने हरियाणा के खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर खुशी जताते हुए कहा कि हरियाणा की मिट्टी ने एक बार फिर साबित किया है कि वह केवल खिलाड़ी नहीं, बल्कि देश के लिए पदक विजेता तैयार करती है। एशियन गेम्स में भारत के 85 पदकों में 31 पदकों में हरियाणा के खिलाड़ियों की हिस्सेदारी रही। देश के 21 स्वर्ण पदकों में से 15 स्वर्ण हरियाणा के खिलाड़ियों ने दिलाए। प्रदेश के लिए विशेष गर्व की बात है कि इन 31 पदकों में से 26 पदक बेटियों ने जीते। सांसद ने कहा कि देश की आबादी में करीब दो प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले हरियाणा का भारत के कुल पदकों में लगभग 36 प्रतिशत योगदान प्रदेश की खेल प्रतिभा और खिलाड़ियों की मेहनत को दर्शाता है। हरियाणा के बेटे-बेटियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगे का मान बढ़ाया है। उनकी उपलब्धि पर पूरे हरियाणा और देश को गर्व है।

महिला को उसके परिवार के सदस्यों ने मारपीट करके किया जख्मी

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने बीते दिन गांव खैरेके उताड़ में एक महिला को मारपीट करके जख्मी करने वाले उसके पति, जेठ व उसकी सास के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय की एस.आई दीप कौर ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता मनदीप कौर पत्नी सुखदेव सिंह वासी खैरेके उताड़ जिला फिरोजपुर ने बताया कि बीते दिन रात के समय उसका पति सुखदेव सिंह व जेठ सुमेर सिंह पुत्र बलवंत सिंह घर शराब पीकर आए तो वह अपने घर में रसोई में खाना बना रही थी। पीड़िता ने बताया कि उस समय वहां पर उसका जेठ आ गया और कहने लगा कि तुझे आज मुझ पर इलजाम लगाने का मझा चखाना है। जिसके बाद दोषी सुमेर सिंह ने उसके पति सुखदेव सिंह व काको बाई सास के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसे जख्मी कर दिया।

गन्नौर में 90 हजार रुपये की रिश्वत लेते हलका पटवारी गिरफ्तार

SV&ACB ने की कार्रवाई

डेली आवाज भारती



पंचकूला। हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (SV&ACB) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सोनीपत जिले के गन्नौर तहसील क्षेत्र में तैनात हलका पटवारी सचिन को 90 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी पटवारी पर फर्म की जमीन के राजस्व रिकॉर्ड में लोन संबंधी जानकारी दर्ज करने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायत के बाद बिछाया जाल शिकायतकर्ता ने SV&ACB को दी शिकायत में आरोप लगाया कि पटवारी ने फर्म की जमीन के राजस्व रिकॉर्ड में लोन से संबंधित विवरण दर्ज करने के एवज में 90,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत का सत्यापन करने के बाद SV&ACB की भिवानी यूनिट ने ट्रैप की कार्रवाई की। टीम ने आरोपी पटवारी को रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई SV&ACB यूनिट भिवानी के नेतृत्व में की गई।

ट्रैप की कार्रवाई गजटेड अधिकारी दयाचंद रोहिल्ला, XEN, HVPNL, भिवानी की उपस्थिति में संपन्न हुई।

कानूनी प्रक्रिया के तहत जांच जारी

SV&ACB के अनुसार ट्रैप कार्रवाई के दौरान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 105 के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया। मामले में आगे की जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है।

भ्रष्टाचार की शिकायत करने की अपील

SV&ACB ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी या अधिकारी वैध कार्य करने के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी सूचना बिना किसी भय के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को दें। नागरिक 'सतर्कहरियाणा' मोबाइल ऐप के माध्यम से भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायत के साथ फोटो, वीडियो या ऑडियो साक्ष्य भी साझा कर सकते हैं। इसके अलावा भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत के लिए स्ङ्क×ष्टक्की टोल-फ्री हेल्पलाइन 1064 पर संपर्क किया जा सकता है। ब्यूरो ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

एचबीपीई के चेयरमैन मोहन लाल बड़ौली ने किया कीर्ति का अभिनंदन

कहा-कीर्ति की उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। एशियन गेम्स 2026 में तीरंदाजी की महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने वाली हरियाणा की बेटी एवं जींद जिले के रिटोली गांव निवासी कीर्ति शर्मा का गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने सम्मान समारोह में पहुंचकर उनका अभिनंदन किया। भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 5-3 से हराकर स्वर्ण पदक जीता है। इस अवसर पर मोहन लाल बड़ौली ने कीर्ति शर्मा को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर तथा बधाई पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कीर्ति शर्मा के आगमन पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और देशभक्ति के



नारों के साथ उनका स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए बड़ौली ने कहा कि कीर्ति शर्मा की उपलब्धि पूरे हरियाणा और देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बेटियों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। कीर्ति शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की उपलब्धियां केवल पदक तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि वे युवा पीढ़ी को मेहनत, अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करती हैं। कीर्ति शर्मा की यह उपलब्धि विशेष रूप से बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी। बड़ौली ने कीर्ति शर्मा को भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिवार, गांव, जींद जिले और पूरे हरियाणा को गर्व है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, खेल प्रेमी एवं कीर्ति शर्मा के परिजन उपस्थित रहे।

एशियाई खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, 32 पदकों के साथ बढ़ाया प्रदेश का गौरव : गौरव गौतम

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। एशिया चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर लौटे हरियाणा के खिलाड़ियों का सोमवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया।

मंत्री ने खिलाड़ियों को फूल मालाएं पहनाकर उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। इस अवसर पर गौरव गौतम ने कहा कि एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 85 पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। इनमें हरियाणा के खिलाड़ियों ने 32 पदक अपने नाम किए हैं, जिनमें 14 स्वर्ण, 9 रजत और 9 कांस्य पदक शामिल हैं। 32 पदक हरियाणा की खेल शक्ति का प्रमाण खेल राज्य मंत्री ने खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर



उनकी उपलब्धियों की सराहना की और भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा को अपने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर गर्व है। गौरव गौतम ने कहा कि 14 स्वर्ण पदक इस बात का प्रमाण हैं कि हरियाणा के खिलाड़ी केवल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए नहीं, बल्कि जीत हासिल करने के इरादे से मैदान में उतरते हैं। खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनके माता-पिता, प्रशिक्षकों और खेल संस्थानों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। मंत्री ने सभी अभिभावकों और प्रशिक्षकों को भी बधाई दी। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं देने पर जोर खेल राज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार खिलाड़ियों के प्रोत्साहन, बेहतर डाइट, प्रशिक्षण, अच्छे कोच और आधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने में किसी तरह की कमी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत केवल उन्हें सही मंच और उचित दिशा देने की है। प्रदेश की धरती ने देश को अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं और आने वाले समय में भी हरियाणा से बड़ी संख्या में प्रतिभाएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगी। गौरव गौतम ने कहा कि सरकार चाहती है कि हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ एशियाई, विश्व और ओलंपिक स्तर पर भी अधिक से अधिक पदक जीतें। मंत्री ने कहा कि हरियाणा की खेल संस्कृति में गांवों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश के कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर दुनिया के बड़े खेल मंचों तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि गांवों और छोटे शहरों में रहने वाले युवाओं को भी विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने पर सरकार का विशेष ध्यान है। यदि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को समय रहते उचित सुविधाएं और प्रशिक्षक मिल जाएं, तो आने वाले वर्षों में हरियाणा से और अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सामने आ सकते हैं। गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत खेलों के क्षेत्र में लगातार अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन कर रहा है और हरियाणा भी इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

CMYK

page 3_Layout 1 05-10-2026 16:46 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ⟫ मंगलवार ,6 अक्तूबर 2026

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने पांच गांवों की पंचायतों को 01 करोड़ 18 लाख रुपये की राशि के चेक भेंट की

डेली आवाज भारती



दिड़बा/मोहिंदर सिंह। पंजाब के वित्त मंत्री श्री हरपाल सिंह चीमा ने विधानसभा हलका दिड़बा के गांवों में विकास कार्यों को और तेज़ी देने के लिए पांच गांवों की पंचायतों को कुल 01 करोड़ 18 लाख रुपये की राशि के चेक गांवों की सथों में पहुंचकर भेंट किए। उन्होंने खुद गांवों में पहुंचकर सरपंचों को चेक सौंपे और हिदायत की कि विकास कार्य जल्द से जल्द शुरू करके निर्धारित समय के अंदर पूरे किए जाएं, ताकि लोगों को इनका लाभ जल्दी मिल सके। इस मौके पर वित्त मंत्री ने बताया कि गुरु तेग बहादुर नगर, आबादी हरियाऊ को 20 लाख रुपये, संगतपुरा को 3 लाख रुपये, रटोलां को 40 लाख रुपये, सूलर घराट को 40 लाख रुपये और रामपुर गुज्जरां को 15 लाख रुपये की ग्रांट दी गई है। उन्होंने कहा कि यह राशि गांवों की स्थानीय जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों और बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए इस्तेमाल की जाएगी। श्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार गांवों और शहरों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़कें, गलियां-नालियां, खेल सुविधाएं और अन्य जरूरी बुनियादी ढांचे का निर्माण सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। वित्त मंत्री ने सरपंचों और संबंधित विभागों के अधिकारियों को हिदायत दी कि ग्रांटों की पारदर्शी और उचित इस्तेमाल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न किया जाए और हर रुपया लोगों की भलाई के लिए खर्च किया जाए।उन्होंने भरोसा दिया कि गांवों की जायज विकास जरूरतों के लिए फंडों की कमी नहीं आने दी जाएगी और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त राशि भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

सितंबर माह में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान पकड़े गए 22,855 यात्री बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा करते

- वैध यात्रियों की सुविधा और अनधिकृत यात्रा की रोकथाम हेतु मंडल में टिकट जांच अभियान निरंतर जारी:अधिकारी

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल के टिकट चेकिंग दल द्वारा ट्रेनों में अनधिकृत/बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाने हेतु ट्रेनों में सतत् टिकट चेकिंग किया जा रहा है। मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा सितंबर, 2026 के दौरान ट्रेनों में टिकट चेकिंग के दौरान कुल 22,855 यात्री बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा करते हुए पाए गए एवं उनसे जुर्माने के तौर पर 2 करोड़ रूपये से अधिक का राजस्व वसूल किया गया। मंडल के रेलवे स्टेशनों को साफ-सुथरा बनाए रखने तथा आम जनता को स्टेशनों पर गंदगी फैलाने से रोकने एवं उनको साफ-सफाई के प्रति जागरूक बनाने के लिए मंडल के मुख्य स्टेशनों पर नियमित जांच की जाती है। इसके फलस्वरूप, सितंबर माह में 202 यात्रियों को स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने के कारण (एंटी लिटरिंग एक्ट) उनसे 81 हजार रूपये से अधिक वसूल किये गए। मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि फिरोजपुर मंडल में टिकट चेकिंग अभियान जारी रहेंगे। टिकट चेकिंग का मुख्य उद्देश्य वैध यात्रियों को सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करना है। टिकट चेकिंग के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि अनधिकृत अथवा बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण वैध यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

पिंड भुल्लरहेड़ी में लगाया गया मुफ्त आंखों की जांच कैंप

- गांवों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए सरकार वचनबद्धः ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह

डेली आवाज भारती



धूरी, मोहिंदर सिंह : पिंड भुल्लरहेड़ी में लोगों को उनके घरों के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मुफ्त आंखों की जांच संबंधी मेडिकल कैंप लगाया गया। कैंप का उद्घाटन पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आम आदमी क्लीनिकों के माध्यम से लोगों को उनके नजदीक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, जांच और मुफ्त दवाइयों की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और समय पर जांच को भी प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आंखें शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग हैं और समय-समय पर आंखों की जांच करवाना बहुत जरूरी है। ऐसे मेडिकल कैंपों के माध्यम से लोगों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं उनके अपने गांव में ही उपलब्ध करवाने में मदद मिलती है। कैंप के दौरान पहुंचे लोगों की मुफ्त आंखों की जांच की गई और जरूरत के अनुसार स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी दी गई। ओ.एस.डी. ने कहा कि गांव स्तर पर ऐसे कैंप लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर मार्केट कमेटी धूरी के चेयरमैन राजवंत सिंह घुल्ली, जिला परिषद के चेयरमैन रछपाल सिंह भुल्लर, ब्लॉक समिति धूरी के चेयरमैन रणजोध सिंह सहित बड़ी संख्या में गांववासी मौजूद रहे।

श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री गांव बजहेड़ी, बासिया और बत्ता में दिखाई गई

श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाएं मानवता को समानता, भाईचारे और आपसी सांझ का संदेश देती हैं: एस.डी.एम. गुरमीत सिंह

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढ़िया,, पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत खरड़ ब्लॉक के गांव बजहेड़ी, बासिया और बत्ता में श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, विचारधारा और उनकी शिक्षाओं को दर्शाती 30 मिनट की विशेष डॉक्यूमेंट्री एल.ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से गांववासियों को दिखाई गई। उप मंडल मजिस्ट्रेट, खरड़ श्री गुरमीत सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज ने अपनी बाणी और विचारों के माध्यम से समाज को समानता, भाईचारे, आपसी सांझ और मानवता की सेवा का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और हमें जात-पात, भेदभाव तथा ऊंच-नीच से ऊपर उठकर एकजुट होकर आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित यह विशेष डॉक्यूमेंट्री गांवों में एल.ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से दिखाई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग श्री गुरु रविदास जी के जीवन और उनकी विचारधारा से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को महान गुरु साहिबान और संत-महापुरुषों की शिक्षाओं से जोड़ना समय की जरूरत है। गांव बजहेड़ी, बासिया और बत्ता में डॉक्यूमेंट्री देखने के लिए बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित हुए। एल.ई.डी. स्क्रीन पर दिखाई गई 30 मिनट की डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, उनके उपदेशों और समाज को दिए मानवता, सांझीवालता तथा समानता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

जीती पडियाला ने कालेवाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, 2027 के चुनावों के लिए बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़िया : विधानसभा हलका खरड़ के गांव कालेवाल में पूर्व प्रधान जिला कांग्रेस कमेटी मोहाली रणजीत सिंह जीती पडियाला की ओर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान गांव और हलके के लोगों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के साथ-साथ 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी की संगठनात्मक तैयारियों और रणनीति पर भी चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए रणजीत सिंह जीती पडियाला ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार की कार्यप्रणाली से पंजाब के लोग परेशान हैं और लोग सरकार द्वारा किए गए वादों तथा उनकी जमीनी हकीकत को लेकर सवाल पूछ रहे हैं। जीती पडियाला ने कहा कि विधानसभा हलका खरड़ में अब तक आम आदमी पार्टी के विधायकों का प्रदर्शन लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। उनके अनुसार हलके में विकास और जनकल्याण के मामले में प्रदर्शन शून्य रहा है। उन्होंने कहा कि पहले की तरह इस बार भी आम आदमी पार्टी की ओर से केवल चेहरा बदलने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन चेहरा बदलने से लोगों के मुद्दे नहीं बदलते। उन्होंने कहा कि हलके के लोग पिछले समय के दौरान अपनी समस्याओं को लेकर बार-बार सरकार और प्रशासन तक पहुंचते रहे हैं। उनके अनुसार अब लोग केवल चुनावों के समय किए जाने वाले वादों के बजाय पिछले समय की कार्यप्रणाली, हलके में हुए विकास कार्यों और लोगों को मिली सुविधाओं का हिसाब देखना चाहते हैं। जीती पडियाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की ओर से 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर से संगठन को मजबूत करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत गांव-गांव कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें की जा रही हैं और स्थानीय स्तर पर लोगों के मुद्दों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

भाजपा को झटका, सरदार जसपाल सिंह तान ने छोड़ी भाजपा, साथियों समेत शिरोमणि अकाली दल में की वापसी

डेली आवाज भारती



खरड़/संदीप अकालगढ़ि। भारतीय जनता पार्टी को उस समय राजनीतिक झटका लगा, जब सरदार जसपाल सिंह तान ने भाजपा को छोड़कर अपने साथियों समेत दोबारा शिरोमणि अकाली दल में वापसी की। उन्हें हलका खरड़ के इंचार्ज सरदार रविंदर सिंह खेड़ा की अगुवाई में शिरोमणि अकाली दल में शामिल करवाया गया। इस मौके पर सरदार रविंदर सिंह खेड़ा ने सरदार जसपाल सिंह तान और उनके साथियों का अकाली दल में वापसी पर स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी में हर वर्ग के लोगों को बनता सम्मान दिया जाएगा और कार्यकर्ताओं की मेहनत को हमेशा प्राथमिकता दी जाएगी। सरदार जसपाल सिंह तान ने कहा कि वह शिरोमणि अकाली दल की नीतियों और पार्टी की विचारधारा से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अकाली दल को मजबूत करने के लिए पूरी तनदेही से काम करेंगे और पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि सरदार जसपाल सिंह तान के पिता ज्ञानी जसवंत सिंह तान शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सदस्य और टकसाली पंथक नेता रहे हैं। तान परिवार का पंथ के प्रति बड़ा योगदान और बलिदान रहा है। पिछले दिनों तान साहब का परिवार शिरोमणि अकाली दल को छोड़कर भाजपा में शामिल हुआ था, लेकिन आज सरदार जसपाल सिंह तान ने अपने साथियों समेत दोबारा शिरोमणि अकाली दल में वापसी की। इस मौके पर पटवारी बलविंदर सिंह, अमरजीत सिंह मिंटा, जसपाल सिंह लक्की मावी, एडवोकेट गुरप्रीत सिंह तथा ज्ञानी संदीप सिंह कलेवाल सहित अन्य अकाली नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि सरदार जसपाल सिंह तान और उनके साथियों की वापसी से पार्टी को हलका खरड़ में और मजबूती मिलेगी।

खेड़ां वतन पंजाब दीयां-2026

फुटबॉल अंडर-21 (लड़कियां) फाइनल मुकाबला समराए जंडियाला फुटबॉल अकादमी ने जीता

बास्केटबॉल अंडर-21 (लड़के) मुकाबले में दोआबा खालसा सेंटर की टीम ने पहला स्थान हासिल किया

डेली आवाज भारती





जालंधर/बलजीतः पंजाब सरकार द्वारा करवाए जा रहे 'खेड़ां वतन पंजाब दीयां-2026 ' के तहत रविवार को हुए जिला स्तरीय खेल मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जिला खेल अधिकारी गुरप्रीत सिंह ने खेल मुकाबलों के नतीजों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि फुटबॉल अंडर-21 (लड़कियां) फाइनल में समराए जंडियाला फुटबॉल अकादमी ने पहला और स्किलर फुटबॉल अकादमी ने दूसरा स्थान हासिल किया। 21 से 30 साल पुरुष वर्ग में संत बाबा भाग सिंह यूनिवर्सिटी ने पहला, ट्रिनिटी कॉलेज, जालंधर ने दूसरा और शंकर की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-21 पुरुष मुकाबले में संत बाबा भाग सिंह फुटबॉल अकादमी पहले, रुड़का कलां की टीम दूसरे और नकोदर की टीम तीसरे स्थान पर रही। जूडो 31 से 40 साल महिला 73 किलो भार वर्ग में अंजली शर्मा पहले स्थान पर रही। जबकि लवलीन अख्तर ने दूसरा स्थान हासिल किया। 78 किलो भार वर्ग मुकाबले में संगीता पहले और मनदीप कौर दूसरे स्थान पर रही। 70 किलो भार वर्ग में जूही ने पहला और परमजीत कौर ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर-21 (लड़कियां) 70 किलो भार वर्ग में आरुषी नंदा ने पहला और मनीजा खातून ने दूसरा स्थान हासिल किया। 78 किलो भार वर्ग में परणजप्रीत कौर पहले और तनवीर अख्तर दूसरे स्थान पर रही। अंडर-21 पुरुष 55 किलो भार वर्ग में मोहित शर्मा ने पहला, अर्जन ने दूसरा और मनकीरत सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। बास्केटबॉल अंडर-21 (लड़के) में दोआबा खालसा सेंटर की टीम पहले और लेवल इलाइट की टीम दूसरे स्थान पर रही। 21 से 30 साल (लड़के) मुकाबले में पीएपी क्लब ने पहला, खालसा कॉलेज ने दूसरा और डेविएट की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-21 (लड़कियां) मुकाबले में एच.एम.वी. की टीम ने पहला, एस.डी. कॉलेज की टीम ने दूसरा और हंस राज स्टेडियम की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। क्रिकेट मुकाबलों में आदर्श नगर स्कूल की टीम पहले, आदर्श नगर क्लब की टीम दूसरे और सरकारी क्रिकेट सेंटर, लाडोवाली रोड तीसरे स्थान पर रही।

गुरुद्वारा साहिब अंदहेड़ी में दलविंदर सिंह बैनीपाल ने जरूरत का सामान करवाया उपलब्ध, गांववासियों ने किया सम्मान

डेली आवाज भारती



अंदहेड़ी, संदीप अकालगढ़ियाः मोहाली जिले के वरिष्ठ नेता एवं गुरु के लंगरों में लंबे समय से बहुमूल्य योगदान देने वाले समाजसेवी सरदार दलविंदर सिंह बैनीपाल ने आज गांव अंदहेड़ी स्थित गुरुद्वारा साहिब में दर्शन किए। इस अवसर पर उनकी टीम की ओर से गुरुद्वारा साहिब में जरूरत के विभिन्न सामान की सेवा भी करवाई गई। सरदार दलविंदर सिंह बैनीपाल की टीम की ओर से गुरुद्वारा साहिब में भट्ठी, केतलियां, पानी वितरित करने के लिए ट्रॉली टंकी तथा बेल के लिए बर्तनों की सेवा करवाई गई। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधक कमेटी और गांववासियों की ओर से इस सेवा के लिए सरदार बैनीपाल का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी के प्रधान दलबार सिंह, सरपंच हरिंदर सिंह खटड़ा और कोषाध्यक्ष बलविंदर सिंह की अगुवाई में गांव की पंचायत तथा गणमान्य लोगों की ओर से सरदार दलविंदर सिंह बैनीपाल को सम्मानित किया गया। सरदार दलविंदर सिंह बैनीपाल लंबे समय से गुरु के लंगरों में अपना बहुमूल्य योगदान देते आ रहे हैं। गांव अंदहेड़ी के गुरुद्वारा साहिब में भी उनकी टीम की ओर से जरूरत के सामान की सेवा करवाई गई। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब से जुड़ी आवश्यक सेवाओं के लिए उपलब्ध करवाए गए सामान को लेकर प्रबंधक कमेटी और संगत की ओर से उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रधान और सरपंच के अलावा कुलविंदर सिंह, रणबीर सिंह, जसप्रीत सिंह, गुरजंट सिंह, जशनप्रीत सिंह, मनिंदर सिंह, करम सिंह, मनजीत सिंह, सुरिंदर सिंह, गुरदास सिंह, बीबी मनदीप कौर, करमजीत कौर, कुलविंदर कौर, नरिंदर कौर, कुलदीप सिंह नंबरदार, गुरदीप सिंह और मलकीत सिंह सहित संगत मौजूद रही।

स्टूडेंट पुलिस कैडेट योजना के तहत विद्यार्थियों को बांटी गई टी-शर्टें

- एस.एस.पी. डॉ. रवजोत ग्रेवाल ने विद्यार्थियों से की बातचीत
- विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों, साइबर सुरक्षा, नशों से बचाव और पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

डेली आवाज भारती



संगरूर, मोहिंदर सिंहः स्टूडेंट पुलिस कैडेट (एस.पी.सी.) योजना के तहत सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल घराचों के 8वीं और 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों को टी-शर्टें वितरित की गई। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस कप्तान संगरूर डॉ. रवजोत ग्रेवाल, आई.पी.एस., पुलिस कप्तान (हेडक्वार्टर) कम-जिला कम्युनिटी पुलिस अधिकारी संगरूर सुखअमृत सिंह, पी.पी.एस. और पुलिस कप्तान (स्पेशल) संगरूर दविंदर कुमार, पी.पी.एस. मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली और विभिन्न पुलिस सेवाओं के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से जिला सांझ केंद्र संगरूर, कंट्रोल रूम संगरूर, पुलिस लाइन संगरूर और विभिन्न पुलिस कार्यालयों का दौरा भी करवाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस कप्तान संगरूर डॉ. रवजोत ग्रेवाल ने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उन्हें पौधे लगाने, पर्यावरण की संभाल और प्रकृति की रक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों का पालन, साइबर अपराधों से बचाव, डिजिटल सुरक्षा और सोशल मीडिया के जिम्मेदार इस्तेमाल के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को नशों से दूर रहने और अपने आसपास के अन्य लोगों को भी नशों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानकारी साझा की और विद्यार्थियों को देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ पुलिस कप्तान ने विद्यार्थियों के साथ उनकी पढ़ाई और भविष्य के करियर को लेकर भी बातचीत की और उन्हें अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर चुनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को कानून, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों से जोड़ना एस.पी.सी. योजना का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। इस मौके पर राकेश कुमार, जिला एस.पी.सी. कोऑर्डिनेटर संगरूर, गुरतेज सिंह, पंजाबी मास्टर और करमजीत कौर, साइंस मिस्ट्रेस भी मौजूद रहे।

page 4_Layout 1 05-10-2026 20:20 Page 1

डिप्टी कमिश्नर और पुलिस कमिश्नर ने भगवान वाल्मीकि जी के परगट उत्सव सेलिब्रेशन की तैयारियों का रिव्यू किया

- कहा, बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने को देखते हुए पूरे इंतज़ाम किए जाएंगे

डेली आवाज भारती



जालंधर/बलजीतः डिप्टी कमिश्नर वरजीत वालिया और पुलिस कमिश्नर सतिंदर सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन भगवान वाल्मीकि जी के परगट उत्सव सेलिब्रेशन के लिए पूरे इंतज़ाम करेगा ताकि सेलिब्रेशन में शामिल होने वाले भक्तों को कोई दिक्कत न हो।

आज यहां डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटिव कॉम्प्लेक्स में अलग-अलग धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग के दौरान, डिप्टी कमिश्नर और पुलिस कमिश्नर ने भरोसा दिलाया कि 26 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि जी के परगट उत्सव और 18 अक्टूबर को होने वाली यात्रा और 24 अक्टूबर को निकलने वाले जुलूस को देखते हुए पूरे इंतज़ाम किए जाएंगे, जिसके लिए अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। डिप्टी कमिश्नर वर्जीत वालिया ने भरोसा दिलाया कि प्रशासन इन कार्यक्रमों को पूरी धार्मिक मर्यादा और सही तरीके से करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा और भक्तों की सुविधा के लिए सभी ज़रूरी इंतज़ाम किए जाएँगे। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान, दूसरे ट्रैफिक रूट, साफ़-सफ़ाई, सजावट, सही मेडिकल टीमों की तैनाती और दूसरे ज़रूरी इंतज़ाम किए जाएँगे ताकि भक्तों को कोई परेशानी न हो। पुलिस कमिश्नर सतिंदर सिंह ने कहा कि कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए जाएँगे।

उन्होंने कहा कि यात्रा और जुलूस के दौरान ट्रैफिक को आसान बनाने के लिए भी ज़रूरी इंतज़ाम किए जाएँगे। इस दौरान, अलग-अलग धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने कीमती सुझाव दिए। मीटिंग में कमिश्नर नगर निगम सुरिंदर सिंह, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (ज) अमनिंदर कौर, ष्ठष्टक परमिंदर सिंह, स्छरूशुभी अंगरा और अलग-अलग धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

आउटसोर्स संगठन जिला फिरोजपुर के पदाधिकारियों की मांगों को लेकर बैठक आयोजित

यदि सरकार ने मांगों को पूरा करते हुए कर्मचारियो को पक्का नहीं किया तो संघर्ष किया जाऐगा

डेली आवाज भारती


बैठक में यूनियन नेता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): आउटसोर्स संगठन जिला फिरोजपुर की मीटिंग पंजाब के अध्यक्ष गुरजिन्द्र सिंह ढिल्लों की अध्यक्षता में सिविल अस्पताल फिरोजपुर में हुई, जिसमें जिला अध्यक्ष जतिंदर शर्मा ने बताया कि हम लगभग 15-20 सालों से कंपनियों के अधीन सिविल अस्पतालों में काम कर रहे हैं, लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा चुनावों के दौरान हमसे वादा किया गया था कि यदि हमारी सरकार बनती है तो हम सभी कंपनियों के अधीन काम करने वाले कर्मचारियों को विभाग के अधीन लाकर पक्का कर देंगे। उन्होंने बताया कि हमारी भर्ती पंजाब सरकार और विभाग के निर्देशानुसार है और हम अपनी योग्यता पूरी करते हैं और हम ईमानदारी से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहे हैं, लेकिन पंजाब सरकार द्वारा हमारी मांगों को नजरअंदाज करते हुए आज तक हमारी कोई भी मांग पूरी नहीं की गई है। जिसके कारण पूरे संगठन में रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि 11 अक्तूबर को गांव सतौज में मुख्यमंत्री की रिहायश का घेराव करने के लिए बड़ी संख्या में फिरोजपुर जिले से साथी धरने में शामिल होंगे। इस मीटिंग में विशेष तौर पर गुरदास सिंह मुक्तसर, यादविंदर सिंह बठिंडा, डा.राजवीर कौर, हर्ष दीपक, सुखविंदर, जोबनप्रीत, नछत्तर सिंह, अमरजीत सिंह, रॉबिन, रमनदीप कौर, रवनीत कौर, रोहित, जसवंत सिंह, लछमण दास, अरुण कुमार, विक्रमजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। अंत में पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी कमेटी पंजाब के कोऑर्डिनेटर नरेंद्र शर्मा ने सभी आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों को जायज बताते हुए पंजाब सरकार को चेतावनी दी कि यदि पंजाब सरकार द्वारा इन सभी कर्मचारियों को विभाग के अधीन लाकर पक्का नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में पैरा मेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन चुनावों में आम आदमी पार्टी का बहिष्कार करेगी। बैठक के अंत में यूनियन नेताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

फिरोजपुर में श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित ड्रोन शो आयोजित

फिरोजपुर में अलौकिक ड्रोन शो ने श्रद्धालुओं का मन-मोहा

डेली आवाज भारती


फिरोजपुर में आयोजित ड्रोन शो की तस्वीर और शो देखते हुए स्कूली बच्चे।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित आयोजित किए जा रहे समारोहों की श्रृंखला के तहत मैरिटोरियस स्कूल हकुमत सिंह वाला के साथ सी-पाईट के मैदान में फिरोजपुर में 500 ड्रोन के माध्यम से शानदार ड्रोन शो का आयोजन किया गया। ड्रोन शो के दौरान आसमान में रोशनी के माध्यम से गुरु जी के जीवन, महान शिक्षाओं, सच्ची-सुच्ची कमाई और सर्व-सांझे दर्शन को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंची संगत ने प्रौद्योगिकी और आध्यात्मिकता के इस अनूठे संगम को श्रद्धा और उत्साह से निहारा। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित विधायक फिरोजपुर देहाती रजनीश दहिया ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा 650वें प्रकाश पर्व के तहत पूरे राज्य में 92 ड्रोन शो आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य गुरु जी के सर्व-सांझे दर्शन और शिक्षाओं का अधिक से अधिक प्रचार करना है। उन्होंने कहा कि गुरु जी का जीवन और वाणी समूची मानवता को समानता, भाईचारे और सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन के माध्यम से की गई यह प्रस्तुति श्री गुरु रविदास जी को एक उपयुक्त श्रद्धांजलि है। इस शो के माध्यम से गुरु जी के समानता, भाईचारे की भावना, दया, सामाजिक न्याय और मानवीय सम्मान के शाश्वत संदेश को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। शो से पहले बाबा डा.भीमराव अंबेडकर एक शाम बाबा जी के नाम के तहत गायक राकेश गिल, सोनू सभरवाल और अमृतसर से पवन द्रविड़ व उनकी टीम द्वारा संगत को मधुर वाणी, धार्मिक गीतों/भजनों द्वारा निहाल किया गया। इस अवसर पर मंच संचालन की भूमिका डिप्टी डी.ओ. डॉ. सतविंदर सिंह द्वारा निभाई गई। इस अवसर पर एसडीएम फिरोजपुर अभिषेक शर्मा, रॉबी संधू पी.ए, चेयरमैन मार्केट कमेटी फिरोजपुर कैंट बेअंत सिंह, सुखदीप सिंह उग्गोके प्रधान यूथ विंग, मनदीप सिंह पयारियाना, जगमीत भुल्लर, मैरिटोरियस स्कूल का स्टाफ, विद्यार्थियों के अलावा बड़ी संख्या में संगत उपस्थित थी।

धान की बिना रुकावट खरीद के लिए जिले की मंडियों में सभी प्रबंध मुकम्मलःडी.सी

किसान मंडियों में सूखा धान ही लाएं : दीपशिखा शर्मा

- डी.सी ने जिले के किसानों को पराली ना जलाने की अपील की



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): किसान मंडियों में 17 प्रतिशत से कम नमी वाला सूखा धान ही लाएं। किसानों की सुविधा और धान की सुचारू व बिना रुकावट खरीद को यकीनी बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिले में धान की खरीद 1 अक्तूबर से शुरू हो चुकी है और इस संबंधी 127 खरीद केंद्रों में जरूरी प्रबंध मुकम्मल कर लिए गए हैं। खरीद सीजन 2026-27 के दौरान धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इन शब्दों का प्रगटावा डिप्टी कमिश्नर दीपशिखा शर्मा ने देते हुए बताया कि मंडियों में किसानों, मजदूरों, आढ़तियों और अन्य संबंधित पक्षों की सुविधा के लिए बिजली, पीने का पानी, छाया, सफाई और अन्य जरूरी प्रबंध यकीनी बनाए गए हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि मंडी में धान लाने से पहले फसल की नमी की जांच जरूर कर लें। उन्होंने कहा कि धान में नमी की मात्रा 17 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, ताकि खरीद प्रक्रिया बिना किसी देरी के सुचारू ढंग से मुकम्मल की जा सके। डिप्टी कमिश्नर ने किसानों को धान की कटाई सुबह 10.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक ही करने की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय के दौरान कटाई करने से फसल में नमी की मात्रा को नियमों के अनुसार रखने में मदद मिलेगी और किसानों को मंडी में अपनी फसल बेचने के समय किसी दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को हिदायत की गई है कि किसानों को मंडियों में किसी किस्म की समस्या न आने दी जाए और यदि कोई मुश्किल आती है तो उसका तुरंत हल किया जाए। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर ने किसानों को पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि पराली को आग लगाने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ-साथ जमीन की उपजाऊ शक्ति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल

पंजाब प्रदेश महिला कांग्रेस ने जंतर-मंतर घटना के खिलाफ किया रोष प्रदर्शन

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़, संदीप अकालगढ़िया। पंजाब प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती बलजीत कौर के नेतृत्व में आज महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं की ओर से जंतर-मंतर, दिल्ली में हुई कथित घटना के विरोध में रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि घटना के दौरान महिलाओं और महिला पत्रकारों के साथ दिल्ली पुलिस के कुछ कर्मचारियों द्वारा कथित तौर पर बदसलूकी, शारीरिक छेड़छाड़ और यौन दुर्व्यवहार किया गया। इस मामले में महिला कांग्रेस ने कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की मांग की। जंतर-मंतर पर 3 अक्टूबर को हुए प्रदर्शन के दौरान तीन महिला पत्रकारों ने दिल्ली पुलिस के अधिकारियों पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। दिल्ली पुलिस के अनुसार, महिला पत्रकारों की शिकायतें प्राप्त होने के बाद मामले को निष्पक्ष जांच के लिए क्राइम ब्रांच को सौंप दिया गया है। श्रीमती बलजीत कौर ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा एक गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और महिला पत्रकारों को अपना काम करने तथा अपनी आवाज बुलंद करने के लिए सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। महिला पत्रकारों को अपनी ड्यूटी निभाते समय किसी भी प्रकार के डर या दबाव का सामना नहीं करना चाहिए। पंजाब प्रदेश महिला कांग्रेस ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए। महिला कांग्रेस ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारी है।

अमृतसर से पहली बार पर्सिमोन फल की रेल मार्ग द्वारा की गई ढुलाई

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में फिरोजपुर मंडल के बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के विशेष प्रयासों से पर्सिमोन फलों की रेल मार्ग से ढुलाई के लिए लगातर नया यातायात प्राप्त किया जा रहा है। दिनांक 04 अक्तूबर 2026 को ट्रेन संख्या 12484 (अमृतसर-तिरुवनंतपुरम वीकली सुपरफास्ट एक्सप्रेस) में पहली बार अमृतसर रेलवे स्टेशन से पर्सिमोन फलों की आउटवर्ड लोडिंग सफलतापूर्व की गई। ट्रेन संख्या 12484 में अमृतसर से 106 पैकेटों में 2,180 किलोग्राम पर्सिमोन फल मंगलुरू जंक्शन के लिए लोड किए गए। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि फिरोजपुर मंडल की विश्वसनीय एवं समयबद्ध माल परिवहन व्यवस्था व्यापारियों को बेहतर सुविधा प्रदान कर रही है। मंडल माल यातायात बढ़ाने तथा पर्यावरण-अनुकूल परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।


ट्रेन से भेजे जा रहे पर्सिमोन फलों की तस्वीर।

रीडर्स क्लब ने डॉ. अनिरुद्ध कपूर के साथ इंटरैक्टिव सेशन होस्ट किया

डेली आवाज भारती



जालंधर/बलजीतः प्रिंसिपल डॉ. (मिसेज) एकता खोसला के गाइडेंस और सपोर्ट में, रीडर्स क्लब ने स्वामी दयानंद लाइब्रेरी के साथ मिलकर, मशहूर लेखक और स्पीकर डॉ. अनिरुद्ध कपूर, जो 'द सोल स्पार्क्स- रिफ्लेक्शंस ऑफ एन इंट्यूटिव माइंड' के लेखक हैं, के साथ एक दिलचस्प इंटरैक्टिव सेशन ऑर्गनाइज़ किया। प्रिंसिपल डॉ. एकता खोसला ने इस पहल की तारीफ़ की और स्टूडेंट्स को लेखकों, विचारकों और जाने-माने लोगों से बातचीत करने के मौके देने की अहमियत पर ज़ोर दिया। डॉ. खोसला ने कहा कि इस तरह की बातचीत पढ़ने के कल्चर को बढ़ावा देती है, स्टूडेंट्स के सोचने का नज़रिया बढ़ाती है और क्लासरूम के बाहर उनकी लर्निंग को बेहतर बनाती है। सेशन को डीन रिसर्च डॉ. रमनीता सैनी शारदा ने ऑर्गनाइज़ और कोऑर्डिनेट किया, जिसका मकसद स्टूडेंट्स को मतलब की बातचीत में शामिल होने और एक जाने-माने लेखक के अनुभवों और नज़रिए से सीखने के लिए बढ़ावा देना था। प्रोग्राम की शुरुआत इंग्लिश के क्क्ष डिपार्टमेंट की हेड डॉ. ममता के गर्मजोशी भरे स्वागत से हुई, जिन्होंने डिपार्टमेंट और रीडर्स क्लब की तरफ़ से डॉ. कपूर का स्वागत किया। इसके बाद डॉ. रमनीता सैनी शारदा ने बातचीत का मकसद और अहमियत बताई और फिर डॉ. कपूर को इकट्ठा होने के लिए बुलाया। स्टूडेंट्स के साथ बातचीत करते हुए, डॉ. कपूर ने ज़िंदगी के अलग-अलग पहलुओं, सीखने, पर्सनल ग्रोथ और गाइडेंस और मेंटरशिप की अहमियत पर अपनी सोच शेयर की। उनके दिलचस्प तरीके ने सेशन को एक आम लेक्चर के बजाय एक खुली बातचीत में बदल दिया। स्टूडेंट्स ने बातचीत में एक्टिवली हिस्सा लिया, सवाल पूछे और अपने विचार शेयर किए, जिससे सेशन मज़ेदार और सीखने लायक बन गया। प्रोग्राम की एक खास बात डॉ. कपूर का कॉलेज लाइब्रेरी में अपनी किताब, द सोल स्पार्क्स- रिफ्लेक्शंस ऑफ एन इंट्यूटिव माइंड, की एक कॉपी पेश करना था। यह किताब स्टूडेंट्स और रीडर्स को सेशन के बाद भी उनके आइडिया और सोच को जानने का मौका देगी। बातचीत को रीडर्स क्लब की सेक्रेटरी एंज़ेल वालिया ने किया, जिन्होंने गेस्ट और स्टूडेंट्स के बीच बातचीत को अच्छे से संभाला। सेशन एक इंस्पायरिंग नोट पर खत्म हुआ, जिसमें पार्टिसिपेंट्स को पढ़ने, सीखने और पर्सनल डेवलपमेंट पर कीमती बातें सीखने को मिलीं।

पुलिस ने विभिन्न मामलों में 12 को गिरफ्तार कर बरामद की 44.79 ग्राम हेरोइन

गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामले

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला पुलिस ने एसएसपी भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने को चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 12 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 43.79 ग्राम हैरोइन बरामद की है।

उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर थाना सदर, थाना सिटी, थाना छावनी फिरोजपुर, थाना आररफके, ममदोट, थाना घल्लखुर्द, थाना कुलगड़ी और थाना मल्लांवाला में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई रमन कुमार ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर विशाल उर्फ गंजा पुत्र रमेश वासली बस्ती भट्टीयां वाली फिरोजपुर शहर और अभय पुत्र जंग वासी खाईफेमेके हाल एस.एम स्कूल हाऊसिंग बोर्ड कालोनी फिरोजपुर शहर को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 11 ग्राम हेरोइन, थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई बलदेव राज ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर परविन्द्र सिंह उर्फ काकू पुत्र जगदीश लाल वासी गांव खाईफेमेकी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 5 ग्राम हेरोईन, थाना छावनी फिरोजपुर की एस.आई जसप्रीत कौर ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके राणी पत्नी शरीफ वासी मकान नंबर 103 गवाल टोली फिरोजपुर छावनी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3.50 ग्राम हेरोइन, थाना आरफके के एएसआई जगतार सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव अटारी से वीरपाल सिंह पुत्र संतोख सिंह वासी गांव आसल हाल गांव अरमानपुरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1.39 ग्राम हेरोइन, लाईटर, सिल्वर पन्नी, एक कागज, थाना ममदोट के एस.आई प्रवीन कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर रशपाल पुत्र गुरदीप सिंह वासी ममदोट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन, थाना घल्लखुर्द के एस.आई दर्शन सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ शक के अधार पर जसविन्द्र सिंह पुत्र गुरदेव सिंह वासी वार्ड नंबर 6 नानक नगरी मुदकी व कर्मजीत सिंह उर्फ गोरी पुत्र रणझीत सिंह वासी गांव लुहाम रोड मुदकी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 7 ग्राम हेरोइन, थाना कुलगड़ी के एएसआई बलजीतद सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर अझय पुत्र काला व हरीश पुत्र परमजीत वासी गांव बजीदपुर को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 8.2 ग्राम हेरोइन, इसी थाने के एच.सी लवदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर बोबी पुत्र सुरिन्द्र कुमार वासी गांव बुकणखां वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2.88 ग्राम हेरोइन और थाना मल्लांवाला के एच.सी अमरजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान जस्सा पुत्र शोका वासी गांव जैमल वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हैरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार लोगों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

10 अक्तूबर की संगरूर रैली की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): संयुक्त तारमेल समिति के आह्वान पर 10 अक्तूबर को संगरूर में एक विशाल रैली आयोजित की जा रही है। इस रैली की तैयारियों के संबंध में स्टेट कर्मचारी दल जिला फिरोजपुर द्वारा यूनियन कार्यालय जिला प्रशासनिक परिसर में बैठक की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कर्मचारी और पेंशनर शामिल हुए। बैठक में विभिन्न नेताओं, जिनमें बलबीर सिंह कंबोज वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंजाब, तरसेम बेदी जिला अध्यक्ष स्टेट कर्मचारी दल, किशन चंद जागोवालिया जिला अध्यक्ष पंजाब स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन, डा.प्रदीप राणा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेश सैनी पूर्व अध्यक्ष कृषि, खजान सिंह, ज्ञान सिंह शामिल थे ने सरकार की कर्मचारी और पेंशनर विरोधी नीतियों की निंदा की और कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा विधानसभा चुनावों के दौरान कर्मचारियों और पेंशनरों से किए गए वादे पूरे नहीं किए गए। जिसके कारण कर्मचारियों और पेंशनरों में सरकार के प्रति भारी निराशा पाई जा रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पेंशनरों का महंगाई भत्ता केंद्र के कर्मचारियों और पेंशनरों के बराबर 60 प्रतिशत किया जाए।

साझा पंजाब मोर्चा द्वारा सम्मेलन कर सूबे का राजनीतिक माहौल बदलने का आह्वान

डेली आवाज भारती


सांझा पंजाब मोर्चा के पदाधिकारी पंजाब के संयुक्त मुद्दों को लेकर आयोजित सम्मेलन में जानकारी

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब के साझा मुद्दों को लेकर साझा पंजाब मोर्चा द्वारा सोमवार गांव आले वाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर किसान, मजदूर, नौजवान और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर पंजाब से संबंधित अहम मसलों पर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पंजाब के पानी, चंडीगढ़, पंजाबी भाषी क्षेत्रों, पंजाब के अधिकारों, किसानों-मजदूरों के कर्ज, फसलों के भाव और खरीद की गारंटी, नौजवानों के लिए रोजगार, आबादकार किसानों के मालिकाना हक, दलित मजदूरों के जमीनी हक, कर्मचारियों के बकाये, नरेगा और मुफ्त गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य व शिक्षा सहित कई मुद्दों पर साझा आवाज बुलंद करने की जरूरत है। वक्ताओं ने कहा कि पंजाब के हकों और लोगों के बुनियादी मसलों को अलग-अलग करके नहीं, बल्कि साझा तौर पर उठाने की जरूरत है। इसके लिए पंजाब की किसान, मजदूर, कर्मचारी, नौजवान और अन्य लोक-हितैषी संगठनों को एक साझा मंच पर इकट्ठा कर आगे की रणनीति तैयार करने पर जोर दिया और पंजाब का राजनीतिक माहौल बदलने का आह्वान किया।

इस मौके पर भारत की संघीय व्यवस्था, पंजाब के अधिकारों, पानी के बंटवारे, चंडीगढ़ और पंजाबी भाषी क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा किसानों-मजदूरों के कर्ज, एमएसपी की कानूनी गारंटी और लोगों को रोजगार व स्वास्थ्य-शिक्षा की सुविधाएं देने जैसे मुद्दे भी विचार के अधीन रहे। इस मौके पर साझा पंजाब मोर्चा के नेताओं ने कहा कि पंजाब के साझा मुद्दों को लेकर आने वाले समय में और संगठनों के साथ संवाद किया जाएगा और अगले संघर्षों का ऐलान किया जाएगा। इस मौके पर अवतार सिंह महिमा, जुगराज सिंह टल्लेवाल, भजन सिंह घुम्मण, गुरमेल सिंह माहीके, दलविंदर सिंह शेरखं और गुरमीत सिंह महिमा ने संबोधित किया।

CMYK

page 5_Layout 1 05-10-2026 19:51 Page 1

एमसीए ने खालसा कॉलेज के सामने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की

सामान जब्त; रेहड़ी वालों और अन्य अतिक्रमणकारियों को दोबारा उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी









डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : नगर निगम अमृतसर (MCA) ने अपने जारी अतिक्रमण विरोधी अभियान को तेज करते हुए खालसा कॉलेज के सामने सड़कों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। यह कार्रवाई स्थानीय निवासियों और राहगीरों की ओर से सार्वजनिक सड़कों और स्थानों पर रेहड़ी वालों तथा अन्य अतिक्रमणकारियों द्वारा किए जा रहे अनधिकृत कब्जों संबंधी लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों के बाद की गई। अभियान के दौरान नगर निगम अधिकारियों ने सड़कों और सार्वजनिक आवागमन में बाधा बन रहे अतिक्रमणों को हटाया तथा सार्वजनिक स्थान पर रखा गया सामान और अन्य सामग्री जब्त की। अतिक्रमणकारियों को दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई और स्पष्ट किया गया कि बार-बार उल्लंघन करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई नगर निगम अमृतसर के कमिश्नर (CMC) बिक्रमजीत सिंह शेरगिल और अतिरिक्त कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत की गई। अभियान की निगरानी सेक्रेटरी-कम-एस्टेट ऑफिसर सुषांत भाटिया और एस्टेट ऑफिसर धर्मिंदरजीत सिंह द्वारा की गई। फील्ड टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर अमन कुमार ने किया, जबकि नगर निगम पुलिस कर्मियों ने भी अभियान में सहयोग दिया। MCA अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई रेहड़ी वालों और अन्य अनधिकृत कब्जाधारियों द्वारा सड़कों पर किए जा रहे अवैध अतिक्रमण और आवागमन में बाधा संबंधी बड़ी संख्या में प्राप्त शिकायतों के मद्देनजर की गई। इस प्रकार के अतिक्रमण से न केवल पैदल यात्रियों और राहगीरों को परेशानी होती है, बल्कि यातायात की सुचारू आवाजाही भी प्रभावित होती है और सार्वजनिक सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों और अन्य नगर निगम की जगहों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमणकारियों को सभी अनधिकृत ढांचों और सामान को तुरंत हटाने तथा भविष्य में दोबारा ऐसा उल्लंघन न करने के निर्देश दिए गए हैं। MCA ने शहरवासियों और राहगीरों से नगर निगम का सहयोग करने तथा अवैध अतिक्रमण की घटनाओं की सूचना नगर निगम को देने की अपील की, ताकि सार्वजनिक सड़कों और स्थानों को साफ, सुरक्षित और सभी के लिए सुगम बनाए रखा जा सके।

कुराली मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन राणा कुशलपाल की ताजपोशी

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़िया। कुराली मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन राणा कुशलपाल की ताजपोशी के अवसर पर आयोजित समारोह में पंजाब के खाद्य, सिविल सप्लाईज एवं उपभोक्ता मामले मंत्री श्री लाल चंद कटारूचक, श्री आनंदपुर साहिब से सांसद श्री मालविंदर सिंह कंग तथा पंजाब यूथ विकास बोर्ड के चेयरमैन श्री परमिंदर सिंह गोल्डी विशेष रूप से उपस्थित हुए। समारोह के दौरान कैबिनेट मंत्री श्री लाल चंद कटारूचक ने नवनियुक्त चेयरमैन राणा कुशलपाल का मुंह मीठा करवाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राणा कुशलपाल को अपनी जिम्मेदारी पूरी तनदेही से निभाने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सांसद श्री मालविंदर सिंह कंग ने कहा कि राणा कुशलपाल पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और पार्टी द्वारा उन पर विश्वास जताते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राणा कुशलपाल चेयरमैन के तौर पर अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी और तनदेही से निभाते हुए लोगों की समस्याओं के समाधान तथा जनहित के लिए कार्य करेंगे। खरड़ हलका इंचार्ज एवं पंजाब यूथ विकास बोर्ड के चेयरमैन श्री परमिंदर सिंह गोल्डी ने भी राणा कुशलपाल को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कैबिनेट मंत्री श्री लाल चंद कटारूचक और सांसद श्री मालविंदर सिंह कंग का धन्यवाद करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा राणा कुशलपाल को दी गई जिम्मेदारी उन पर जताए गए विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने आशा जताई कि नवनियुक्त चेयरमैन अपनी जिम्मेदारी पूरी मेहनत, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। ताजपोशी समारोह के दौरान नवनियुक्त चेयरमैन राणा कुशलपाल ने पार्टी नेतृत्व, कैबिनेट मंत्री श्री लाल चंद कटारूचक, सांसद श्री मालविंदर सिंह कंग, श्री परमिंदर सिंह गोल्डी तथा समारोह में उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा उन पर जो विश्वास जताया गया है, उस पर खरा उतरने के लिए वह पूरी तनदेही से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मार्केट कमेटी से संबंधित जिम्मेदारियों को निभाते हुए लोगों और किसानों के हितों के लिए काम करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर बहादुर सिंह ओ.के., प्रधान नगर कौंसिल कुराली, गुरशरण सिंह, हलका संगठन इंचार्ज, जी.पी. सिंह, प्रधान एस.सी. विंग पंजाब, पूर्व चेयरमैन हरीश राणा, अमनदीप सिंह रॉकी, अमृतपाल सिंह सचिव सहित अन्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

6000 करोड़ का ड्रग्स केस : एसआईटी के सामने नहीं पहुंचे बिक्रम मजीठिया

डेली आवाज भारती



6000 करोड़ के ड्रग केस में सोमवार को एक बार फिर हलचल तेज हो गई। शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया पूछताछ के लिए SIT के सामने पेश नहीं हुए। उनकी जगह उनके वकील अर्शदीप सिंह कलेर SIT के सामने पहुंचे। उन्होंने SIT के अधिकारियों से मुलाकात की और मजीठिया की ओर से अपना पक्ष रखा। बताया जा रहा है कि इस मामले में मुख्य आरोपी माने जाने वाले पूर्व ड्रग्स जगदीश भोला को भी SIT के सामने पेश होना था, लेकिन वह भी पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक SIT की योजना दोनों से आमने-सामने पूछताछ करने की थी। जांच एजेंसी इस दौरान ड्रग नेटवर्क से जुड़े आरोपों और मामले

■ दोनों के पेश नहीं होने के कारण एसआईटी की यह योजना आगे नहीं बढ़ सकी

में सामने आए विभिन्न बयानों को लेकर दोनों से सवाल-जवाब करना चाहती थी। हालांकि, दोनों के पेश नहीं होने के कारण SIT की यह योजना फिलहाल आगे नहीं बढ़ सकी। अब जांच टीम आगे की कार्रवाई को लेकर फैसला लेगी। यह पूरा मामला साल 2013 में सामने आए कथित सिंथेटिक ड्रग नेटवर्क से जुड़ा है। उस समय पंजाब पुलिस ने बड़े ड्रग नेटवर्क का खुलासा करने का दावा किया था। जांच के दौरान नशीले पदार्थों के साथ हथियार और विदेशी करेंसी बरामद होने की बात भी सामने आई थी। इस मामले में पूर्व ड्रग्सकजगदीश भोला को गिरफ्तार किया गया था।

भोला के बयान के बाद नाम आया था चर्चा में

जांच के दौरान जगदीश भोला की ओर से बिक्रम सिंह मजीठिया का नाम लिए जाने के बाद यह मामला राजनीतिक तौर पर भी काफी चर्चित हुआ था। इसके बाद मजीठिया से जुड़े आरोपों और ड्रग नेटवर्क को लेकर पंजाब में लंबे समय तक राजनीतिक बहस चलती रही। अब SIT इस मामले में पुराने आरोपों, जांच के दौरान सामने आए बयानों और अन्य तथ्यों को लेकर आगे की जांच कर रही है।

डीए मामले पर हाईकोर्ट सख्त, चीफ सेक्रेटरी से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

हाईकोर्ट ने 15 दिन में बकाया डीए देने के आदेश दिए थे

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। बकाया डीए मामले को लेकर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान चीफ सेक्रेटरी केएपी सिन्हा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से जुड़ी याचिका में कुछ ऑब्जेक्शन थे, जिन्हें दूर कर लिया गया है। अब इस मामले की सुनवाई फिर से होगी।

अभी तक सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं

आपको बता दें कि हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को 15 दिन में बकाया ड्ड देने के आदेश दिए थे, लेकिन पंजाब सरकार इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट चली गई। हालांकि अभी तक सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू नहीं हुई। इस मामले में हाईकोर्ट ने कहा कि अगर पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट में जल्द सुनवाई शुरू नहीं करा सकती तो वह इस केस की सुनवाई करेगी।

मिट्टी फाउंडेशन की ओर से ब्रह्म सागर भूरी वालों की कुटिया में चश्मा वितरण शिविर, 800 जरूरतमंदों को बांटे चश्मे

डेली आवाज भारती



बरनाला/नवीन काली। मिट्टी फाउंडेशन की ओर से समाजसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे लगातार प्रयासों के तहत गांव झलूर स्थित ब्रह्म सागर भूरी वालों की कुटिया में संत विद्यानंद जी की बरसी के अवसर पर निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर लगाया गया। यह शिविर मिट्टी फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. हेम राज गर्ग के नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान करीब 800 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। शिविर में मिट्टी फाउंडेशन की पूरी टीम और सदस्यों ने उपस्थित होकर सेवा कार्य में अपना योगदान दिया। जरूरतमंद लोगों की आंखों की जांच कर उनकी नजर के अनुसार चश्मे उपलब्ध करवाए गए। शिविर को लोगों की ओर से भरपूर समर्थन मिला। इस अवसर पर संत अमृतानंद जी और स्वामी अनंतानंद जी ने मिट्टी फाउंडेशन की पूरी टीम को अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने शिविर में सेवा देने पहुंचे डॉ. राज कुमार, डॉक्टर करमजीत सिंह और डॉक्टर सुरेश रानी का भी धन्यवाद किया। संत अमृतानंद जी और स्वामी अनंतानंद जी ने कहा कि समाज को ऐसे सेवा एवं स्वास्थ्य संबंधी शिविरों की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मिट्टी फाउंडेशन की ओर से भविष्य में भी इसी तरह के जनकल्याणकारी कार्य जारी रखे जाएंगे। मिट्टी फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद लोगों को आंखों के स्वास्थ्य संबंधी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए 7,000 लोगों को चश्मे मुहैया करवाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के तहत पहले शिविर में करीब 400, दूसरे शिविर में करीब 400 और तीसरे शिविर में करीब 800 जरूरतमंद लोगों को चश्मे दिए जा चुके हैं। डॉ. हेम राज गर्ग, जो नगर निगम बरनाला के पार्षद भी हैं, ने कहा कि मिट्टी फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों तक स्वास्थ्य और जनकल्याण से जुड़ी सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन की ओर से करीब 8,000 लड़कियों को लगातार सैनिटरी पैड और व्यक्तिगत स्वच्छता संबंधी सामग्री भी उपलब्ध करवाई जा रही है। फाउंडेशन की ओर से इससे पहले भी जरूरतमंद लड़कियों के लिए हाइजीन किट वितरित करने सहित विभिन्न समाजसेवी कार्य किए जाते रहे हैं।

फाउंडेशन की पूरी टीम ने निभाई सेवा

इस अवसर पर मिट्टी फाउंडेशन के बलबीर सिंह जग्गल (चेयरमैन), सुरेश कुमार रिटायर्ड मैनेजर (खजांची), गोरा संधू, गगन कुमार, तेजिंदर पिंटू, अवतार सिंह, एडवोकेट शिव कुमार, लवप्रीत कौर, शीला रानी, सुशील कुमार कली, सतनाम सिंह, राकेश कुमार, डॉ. अभिषेक शर्मा, राजदीप सिंह, प्रोफेसर विजय कुमार (प्रेस सचिव), पूजण बांसल, अभय गर्ग, शशि भदौड़, लीला संधू पत्नी, हरपाल सिंह विर्क और जीत सिंह वड़ैच सहित फाउंडेशन की पूरी टीम एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे। फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि सेवा, स्वास्थ्य और समाज की भलाई के लिए मिट्टी फाउंडेशन की ओर से किए जा रहे प्रयास भविष्य में भी इसी तरह जारी रहेंगे और अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे।

हाई कोर्ट ने मान सरकार की 'कट्टर ईमानदारी' का भ्रम तोड़ा : प्रो. सरचंद सिंह ख्याला

मुख्यमंत्री मान जवाब दें कि CMO से जुड़े तबादलों-पोस्टिंगों में कथित लेन-देन के गंभीर आरोपों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

डेली आवाज भारती

अमृतसर। पंजाब भाजपा के प्रवक्ता और सिख चिंतक प्रो. सरचंद सिंह ख्याला ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा सरकारी तबादलों और पोस्टिंग में कथित वित्तीय लेन-देन तथा भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े मामले की जांच CBI को सौंपने के फैसले को भगवंत मान सरकार के कामकाज पर गंभीर सवालिया निशान करार दिया है।

प्रो. ख्याला ने कहा कि 'कट्टर ईमानदारी' के नारे लगाकर सत्ता में आई आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल में यदि सरकारी तबादलों और पोस्टिंग में कथित लेन-देन के मामले में हाई कोर्ट को CBI जांच के आदेश देने पड़ रहे हैं, तो यह सरकार के पारदर्शिता और स्वच्छ शासन के दावों के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि सबसे गंभीर बात यह है कि हाई कोर्ट ने पंजाब पुलिस की अब तक की कार्रवाई को संतोषजनक नहीं माना। जब अदालत को ही निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए CBI का सहारा लेना पड़े, तो 'आप' सरकार को अपने शासन मॉडल के बारे में पंजाब की जनता को जवाब देना चाहिए।



प्रो. ख्याला ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से सीधे सवाल करते हुए कहा, भगवंत मान जी, पंजाब ने आपको भ्रष्टाचार खत्म करने के वादे पर सत्ता सौंपी थी, न कि तबादलों और पोस्टिंगों को कथित लेन-देन का केंद्र बनाने के लिए। अब सवाल केवल विपक्ष के नहीं हैं–ये सवाल हाई कोर्ट के हस्तक्षेप से पैदा हुए हैं। बताइए कि आपके कार्यकाल में सरकारी पदों के तबादलों और पोस्टिंग में कथित लेन-देन के आरोप क्यों सामने आ रहे हैं? हाई कोर्ट को CBI जांच के आदेश क्यों देने पड़े? और श्वेत के पत्रों के बाद भी प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हुई? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े व्यक्तियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को केवल राजनीतिक बयानबाजी के जरिए खारिज नहीं किया जा सकता। इन आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और सच्चाई पंजाब की जनता के सामने आनी चाहिए। प्रो. ख्याला ने कहा, 'आप' ने पंजाब को भ्रष्टाचार मुक्त करने का वादा किया था, लेकिन आज सवाल यह है कि क्या सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यवस्था को मजबूत किया या फिर सड़कों पर अपने ही बोर्ड लगाकर खुद को 'कट्टर ईमानदारी' का प्रमाणपत्र जारी कर लिया?

उन्होंने कहा कि अब मामला केवल राजनीतिक आरोपों तक सीमित नहीं रहा है। हाई कोर्ट ने CBI को स्पष्ट दर्ज कर जांच शुरू करने और दो महीने के भीतर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। इसलिए पंजाब सरकार को जांच में पूरा सहयोग करना चाहिए और किसी भी स्तर पर जांच को प्रभावित करने का प्रयास नहीं होना चाहिए। प्रो. ख्याला ने कहा कि भाजपा पंजाब के लोगों के धन, सरकारी व्यवस्था और सार्वजनिक पदों की गरिमा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि CBI जांच में किसी व्यक्ति की भूमिका सामने आती है, तो कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वह व्यक्ति कितने भी ऊंचे पद पर क्यों न हो।

उन्होंने कहा, पंजाब की जनता अब 'कट्टर ईमानदारी' के नारे नहीं, उसका हिसाब मांग रही है। हाई कोर्ट का फैसला स्पष्ट संदेश है–सत्ता या पद जांच से ऊपर नहीं है। अब सच्चाई सामने आनी चाहिए और पंजाब को पता चलना चाहिए कि तबादलों-पोस्टिंगों के इस कथित खेल के पीछे वास्तव में कौन था।

जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो बर्नाला में 7 अक्टूबर को प्लेसमेंट कैंप

बरनाला, (राकेश जेठी)। डिप्टी कमिश्नर बर्नाला के दिशा-निर्देशों के तहत जिले के बेरोजगार युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो बर्नाला द्वारा ADDA wy| (AXIS BANK) Pvt. Ltd. के साथ तालमेल कर असिस्टेंट मैनेजर और सेल्स ऑफिसर के कुल 65 पदों के लिए प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया जा रहा है। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन पास रखी गई है। इसमें अनुभवी और फ्रेशर दोनों वर्ग के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों की आयु सीमा 20 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है तथा लड़के और लड़कियां दोनों इसमें भाग ले सकते हैं। यह प्लेसमेंट कैंप 7 अक्टूबर, बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो, दूसरी मंजिल, डी.सी. कॉम्प्लेक्स, बर्नाला में आयोजित किया जाएगा। इंटरव्यू में भाग लेने वाले उम्मीदवार अपने साथ रिज्यूम/सीवी, आधार कार्ड तथा शैक्षणिक योग्यता के आवश्यक प्रमाण पत्र अवश्य लेकर आएं।

जिले में मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया 100 प्रतिशत पूरी : हरप्रीत सिंह

■ जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनावी अमले की सराहना की, मतदाताओं का जताया आभार

डेली आवाज भारती



बरनाला, (नवीन काली)। पंजाब राज्य चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले में मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया 100 प्रतिशत पूरी हो गई है। इस संबंधी जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह (आईएएस) ने बताया कि जिला बर्नाला के तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 102-भदौड़ (अ.जा.), 103-बर्नाला और 104-महल कलां (अ.जा.) में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा समूची चुनावी मशीनरी के सहयोग से यह प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी और निर्धारित समय में पूरी की गई। इस सफलता के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) तथा चुनावी अमले को बधाई दी। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के सभी मतदाताओं का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे बताया कि मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने अथवा शिकायत के निवारण के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, बर्नाला में विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक लगातार सेवाएं प्रदान कर रहा है।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 05-10-2026 15:39 Page 1

रश्मिका मंदाना को अपने पालतू डॉग ऑरा से हुई 'ईर्ष्या', शेयर किया मजेदार पोस्ट



हाल ही में 'कॉकटेल 2' में नजर आईं अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपने प्यारे पालतू डॉग ऑरा से ईर्ष्या करती हैं, क्योंकि वह काम में व्यस्त रहती हैं, जबकि ऑरा आराम से रविवार बिताता है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन में चादर के नीचे गहरी नींद में सो रहे अपने पैट की एक तस्वीर साझा की। अभिनेत्री ने अपनी ईर्ष्या व्यक्त करते हुए ऑरा को बेहद भाग्यशाली बताया। रश्मिका मंदाना ने तस्वीर पर लिखा, 卐ऑरा का हाल कुछ ऐसा है- मम्मी बिल्कुल सोई नहीं हैं और उन्हें काम पर भी जाना है... लेकिन इससे किसी को क्या फर्क पड़ता है? पूरा बिस्तर तो मुझे ही मिल रहा है और मैं बहुत खुश हूं... किस्मत वाला। अभिनेत्री का शेड्यूल काफी व्यस्त है, उनकी कुछ बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। वह अगली बार 'मैसा' में नजर आएंगी। फिल्म का टीजर हाल ही में जारी किया गया था और यह एक दमदार मनोरंजन का वादा करता है।

'बंदिश बैंडिट्स' वाली तमन्ना शर्मा की बड़ी छलांग

आयुष्मान खुराना की 'मुपापा' में एंट्री





'बंदिश बैंडिट्स' के दोनों सीजन में तमन्ना शर्मा के किरदार से दर्शकों का ध्यान खींचने वाली अभिनेत्री श्रेया चौधरी अब बड़े पर्दे पर एक नई शुरुआत करने जा रही हैं। खास बात यह है कि उनका यह थिएट्रिकल डेब्यू आयुष्मान खुराना के साथ होगा। श्रेया और आयुष्मान जल्द ही फिल्म 'मुपापा' में स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे, जो 19 फरवरी 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'मुपापा' में श्रेया के किरदार और कहानी को लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी ज्यादातर डिटेल्स को अभी सीक्रेट रखा है। ऐसे में श्रेया और आयुष्मान की जोड़ी को किस तरह की कहानी में दिखाया जाएगा, इसे लेकर दर्शकों की दिलचस्पी बनी हुई है। अभिनेत्री को वाईआरएफ टैलेंट ने एक्सक्लूसिव मैनेजमेंट के लिए साइन किया है। इसे उनके प्रोफेशनल सफर में एक नई शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। श्रेया ने अब तक वेब सीरीज और फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभाकर अपनी पहचान बनाई है और अब वह थिएट्रिकल फिल्मों की ओर आगे बढ़ रही हैं। 'मुपापा' का निर्देशन समीर सक्सेना कर रहे हैं। फिल्म को यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी और पोशम पा पिक्चर्स मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। 'मुपापा' यशराज फिल्म्स और पोशम पा पिक्चर्स की पहली थिएट्रिकल साझेदारी है। श्रेया चौधरी की बात करें, तो उन्होंने साल 2017 में फिल्म 'डियर माया' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। फिल्म में उन्होंने इरा का किरदार निभाया था। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग तरह के प्रोजेक्ट्स में काम किया, लेकिन उन्हें पहचान 'बंदिश बैंडिट्स' से मिली। इस सीरीज में उन्होंने तमन्ना शर्मा का रोल निभाया था। तमन्ना एक पॉप स्टार है, जो क्लासिकल और मॉडर्न म्यूजिक की दुनिया के बीच अपनी पहचान बनाने की कोशिश करती है। श्रेया के इस किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। इसके अलावा श्रेया शॉर्ट फिल्म 'द अदर वे' में भी नजर आ चुकी हैं। वह 'द मेहता बॉयज' में जारा का किरदार भी निभा चुकी हैं। अब 'मुपापा' के जरिए उन्हें थिएटर के बड़े पर्दे पर खुद को एक नए अंदाज में पेश करने का मौका मिला है।

आईटी सर्च में नाम आने पर रकुल प्रीत सिंह ने दी सफाई

कहा- मैं किसी बेनामी प्रॉपर्टी की मालकिन नहीं

अभिनेत्री रकुलप्रीत सिंह ने सोमवार को इनकम टैक्स छापों से अपना नाम जुड़ने की खबरों पर रिएक्ट किया। अभिनेत्री ने इस मामले पर सफाई देते हुए कहा कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। दरअसल, 28 सितंबर को आयकर विभाग ने अभिनेत्री रकुलप्रीत सिंह और फिल्म निर्माता वासु भगनानी से जुड़े 12 ठिकानों पर छापेमारी की है। 28 सितंबर 2026 को मुंबई में आयकर विभाग ने रकुलप्रीत सिंह, वासु भगनानी और पैनोरमा स्टूडियोज के परिसरों की तलाशी ली थी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक नोट पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने मीडिया द्वारा गलत अफवाहों को फैलाने पर अफसोस जताया। उन्होंने लिखा, यह देखकर बहुत दुख होता है कि आजकल कुछ खुद को रिपोर्टर कहने वाले लोग और कुछ बड़े मीडिया पत्रकार बिना सच्चाई जाने खबरों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखा रहे हैं। इसलिए, मैं एक बार फिर सब कुछ साफ कर देती हूं।

उन्होंने आगे लिखा, अभी हाल ही में हमारे घर में जो तलाशी हुई है, उससे मेरा कोई लेना-देना नहीं है। इस बात हर कोई वाकिफ है कि मैं एक फौजी परिवार से ताल्लुक रखती हूं और इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर नहीं था। मैं अपनी कड़ी मेहनत से यहां तक पहुंची हूं और 20 साल की उम्र से एक जिम्मेदार नागरिक की तरह अपना पूरा टैक्स भी भरती आ रही हूं।

अभिनेत्री ने साफ किया कि उनका नाम किसी भी गैरकानूनी कामों से जुड़ा नहीं है। उन्होंने लिखा, मैं किसी भी तरह के गैरकानूनी विदेशी लेनदेन में शामिल नहीं हूं, न तो खुद के लिए और न ही किसी प्रोडक्शन हाउस के लिए। मैं यह भी साफ कर दूं कि मेरे नाम पर देश या विदेश में कहीं भी गैरकानूनी प्रॉपर्टी नहीं है। न ही कभी किसी ने मुझे प्रॉपर्टी गिफ्ट की और न ही मैं इस तरह से तोहफे स्वीकार करती हूं।

अभिनेत्री ने अफवाह फैलाने वाले मीडिया संस्थानों से अपील कि की वे इस तरह की खबरें न फैलाएं। उन्होंने लिखा, जिन्होंने मेरे खिलाफ मनगढ़ंत खबरें छापी हैं। मैं उनसे उस खबर को वापस लेने की अपील करती हूं, साथ ही सच्चाई बताने के लिए कहती हूं। मैं समझती हूं कि मीडिया पर भी अपना बिजनेस चलाने का दबाव होता है लेकिन यह दबाव सच्चाई की कीमत पर नहीं होना चाहिए और बिल्कुल भी किसी की इज्जत और रोजी-रोटी की कीमत पर तो नहीं होना चाहिए।

दृश्यम 3 में इशिता दत्ता की एक्टिंग देख फिदा हुए पति वत्सल सेठ

पोस्ट शेयर कर लुटाया प्यार

अभिनेत्री इशिता दत्ता एक बार फिर अजय देवगन और तब्बू स्टारर सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम 3: द कन्क्लूजन' में अंजू सालगांवकर के किरदार में नजर आ रही हैं। सोमवार को अभिनेत्री के पति और अभिनेता वत्सल सेठ ने इशिता के अभिनय की जमकर सराहना की। अभिनेता ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर सिनेमाघर की तस्वीर पोस्ट की, जिसमें दृश्यम, दृश्यम-2 और 'दृश्यम 3: द कन्क्लूजन' के दृश्य शामिल हैं। वत्सल सेठ ने पत्नी के अभिनय की तारीफ करते हुए लिखा, 'दृश्यम 3, क्या शानदार फिल्म है। अंजू सालगांवकर (इशिता दत्ता), तुमने तो कमाल ही कर दिया।' बता दें कि 'दृश्यम 3: द कन्क्लूजन' में इशिता दत्ता ने मुख्य किरदार विजय सालगांवकर (अजय देवगन) की बड़ी बेटी अंजू



सालगांवकर का किरदार निभाया है। फिल्म में इशिता दत्ता के अभिनय और उनके किरदार को दर्शकों की तरफ से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म की बात करें तो उसको भी दर्शकों की तरफ से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म ने पहले दिन ऐतिहासिक कमाई की। दर्शकों का कहना है कि फिल्म की कहानी फिल्म में इशिता दत्ता का रोल काफी दमदार और महत्वपूर्ण रहा है। सैम की मौत के बाद से उनके किरदार के मन में जो डर, तनाव और मानसिक आघात था, उसे उन्होंने पर्दे पर बहुत ही संजीदगी से उतारा है। अभिषेक पाठक द्वारा निर्देशित फिल्म में अजय देवगन (विजय सलगांवकर), तब्बू (मीरा देशमुख), श्रिया सरन (नंदिनी), जयदीप अहलावत (राजवीर सिंह तोमर), रजत कपूर जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। यह फिल्म दृश्यम फ्रेंचाइजी की तीसरी और अंतिम कड़ी है, जो विजय सलगांवकर के परिवार और पुलिस के बीच माइंड गेम के आखिरी अध्याय को समेटती है। इस बार मीरा देशमुख (तब्बू) और उनके पति (रजत कपूर) की मदद के लिए एसपी क्राइम ब्रांच राजवीर सिंह तोमर (जयदीप अहलावत) के पास पहुंचते हैं, जिनके पास एक नया और मजबूत सबूत है।

'चुंबक' के निर्देशक आतिश कपाड़िया का पहला नैरेशन याद कर बोलीं संदीपा धर

'उन्होंने हर किरदार को खुद निभाकर सुनाया था'



अभिनेत्री संदीपा धर हाल ही में रिलीज हुई ओटीटी सीरीज 'चुंबक' में अपने अभिनय को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया से खुश हैं। उन्होंने सीरीज के निर्देशक आतिश कपाड़िया से हुई पहली मुलाकात और उनके द्वारा दिए गए पहले नैरेशन को याद करते हुए कहा कि वह अनुभव उनके लिए बेहद खास था। मुंबई के बीकेसी इलाके में सीरीज के प्रमोशन के दौरान संदीपा धर ने सुमीत व्यास, सुमीत राघवन, नीना गुप्ता और मानसी पारेख के साथ आईएएनएस से बातचीत की। पहले नैरेशन को याद करते हुए संदीपा ने बताया कि आतिश कपाड़िया ने कहानी सुनाते समय सीरीज के सभी किरदार खुद निभाकर दिखाए थे। उन्होंने कहा कि आतिश एक किरदार से दूसरे किरदार में जाते समय अपनी आवाज, बोलने का अंदाज और हावभाव तक बदल रहे थे। संदीपा ने कहा, 卐मेरे लिए यह बहुत हैरान करने वाला था। जब उन्होंने मुझे कहानी सुनाई, तो उन्होंने सभी किरदार निभाए। एक किरदार से दूसरे किरदार में जाते समय उनकी आवाज और टोन पूरी तरह बदल जाती थी। उन्होंने हर किरदार के हावभाव भी किए। करीब पांच मिनट में उन्होंने सब कुछ करके दिखा दिया।卐 उन्होंने आगे कहा, 卐उन्होंने बैकग्राउंड म्यूजिक तक तैयार कर रखा था। उन्होंने हर किरदार किया और मैं बस उन्हें देख रही थी और सोच रही थी कि हे भगवान, ये इंसान कौन हैं?卐 संदीपा ने बताया कि इससे पहले उन्होंने आतिश कपाड़िया के साथ काम नहीं किया था। उन्होंने कहा कि सिर्फ उनका नैरेशन सुनकर ही उनके मन में उनके साथ काम करने और उनसे सीखने की इच्छा पैदा हो गई थी। अभिनेत्री ने कहा कि स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद उनकी उत्सुकता और बढ़ गई। उन्होंने कहा, 卐जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो मैं बस हंसती रह गई। यह बहुत मजेदार थी। मुझे लगता है कि इसमें आतिश कपाड़िया की बुद्धिमत्ता, हास्य और उनकी पूरी रचनात्मक शैली की झलक मिलती है।卐 संदीपा ने कहा कि उन्हें सीरीज में कोई भी भूमिका मिलती, वह उसे करने के लिए तैयार रहतीं। उन्होंने कहा, 卐मुझे लगता है कि हर अभिनेता का सपना होता है कि वह इस तरह के सेटअप में काम करे। अगर मुझे किरन का किरदार नहीं भी मिलता और कोई दूसरा रोल दिया जाता, तब भी मैं उसे करती। यह अनुभव शानदार था। 'चुंबक' में संदीपा धर के साथ सुमीत व्यास, सुमीत राघवन, नीना गुप्ता और मानसी पारेख भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

CMYK

page 7_Layout 1 05-10-2026 20:18 Page 1

आदि कैलाश में 14,400 फीट की ऊंचाई पर मदद के लिए पहुंची भारतीय सेना

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । आदि कैलाश की बर्फीली और दुर्गम ऊंचाइयों में फंसी एक महिला यात्री की मदद के लिए भारतीय सेना ने त्वरित कार्रवाई की है। जवानों ने यहां एक पल भी गंवाए बिना मोर्चा संभाल लिया। करीब 14,400 फीट की ऊंचाई पर सेना को एक व्यक्ति के बीमार होने की सूचना मिली। यह सूचना मिलते ही सेना की पंचशूल ब्रिगेड के जवान तुरंत बचाव अभियान में जुट गए।

दरअसल यह दुर्गम पहाड़ी इलाका आसान नहीं था। ऊंचाई, कठिन रास्ते और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में हर कदम पर मुसीबत परीक्षा ले रही थीं। लेकिन सैनिकों का लक्ष्य बिल्कुल साफ था कि संकट में फंसे व्यक्ति को जल्द से जल्द सुरक्षित निकालना है। पंचशूल ब्रिगेड के जवानों ने कठिन भूभाग की परवाह किए बिना तेजी से कार्रवाई की। बचाव अभियान के दौरान उनकी तत्परता और साहस ने यह दिखाया कि भारतीय सेना के लिए हर जीवन की कीमत है। सेना के जवानों ने महिला को सुरक्षित बचाया और उसे तुरंत आवश्यक मेडिकल सहायता दी गई। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि सीमा से लेकर देश के सबसे दुर्गम इलाकों तक, सेना सिर्फ राष्ट्र की रक्षा ही नहीं करती, बल्कि जरूरत की घड़ी में नागरिकों के साथ भी मजबूती से खड़ी रहती है। 14,400 फीट की ऊंचाई पर मदद की इस पुकार के जवाब में भारतीय सेना की कार्रवाई ने इसे एक बार फिर साबित किया है। गौरतलब है कि समुद्र के बीच अचानक आई ऐसी एक चिकित्सकीय आपात स्थिति में भारतीय सैन्य बलों ने समय पर कार्रवाई करते हुए एक विदेशी नागरिक की भी जान बचाई है। अंडमान और निकोबार कमान ने समुद्र में घायल हुए वियतनामी नागरिक को सुरक्षित निकालकर उसे आगे के उपचार के लिए कैंपबेल बे पहुंचाया। यह वियतनामी नागरिक व्यापारी जहाज एमटी सन 09 पर सवार था। एक हादसे में यह विदेशी नागरिक घायल हो गया था। समुद्र में उसकी हालत को देखते हुए चिकित्सकीय सहायता और सुरक्षित निकासी की तत्काल जरूरत थी। सूचना मिलते ही बचाव अभियान शुरू किया। नौसेना के समुद्री घटक का एक जहाज इंदिरा प्वाइंट के आसपास के क्षेत्र में पहुंचा। इसके बाद भारतीय सैन्य दल ने नौका के जरिए घायल व्यक्ति तक पहुंच बनाई। बिना देर किए जख्मी व्यक्ति को सुरक्षित निकालकर जहाज पर लाया गया। जहाज पर ही उसे तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया।

राजपाल यादव के तौर-तरीकों पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

सीजेआई बोले- 'आदेश नहीं माने तो अपील खारिज कर देंगे'



नई दिल्ली । चेक बाउंस मामले में दोषी ठहराए गए बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अभिनेता के अब तक के तौर-तरीकों पर कड़ी नाराजगी जताई। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्य कांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने कहा कि राजपाल यादव को रकम जमा करने के लिए बार-बार मौके दिए गए, लेकिन कोर्ट के आदेशों का पूरी तरह पालन नहीं हुआ। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता को उसकी रकम का कुछ हिस्सा वापस दिलाने की उम्मीद में अब तक राजपाल यादव के मामले में नरमी बरती जाती रही है। सीजेआई सूर्य कांत ने कहा कि अगर शिकायतकर्ता को कुछ पैसे वापस मिलने की उम्मीद नहीं होती, तो अदालत अभिनेता की सजा के खिलाफ दायर अपील को खारिज करने पर विचार कर सकती थी। कोर्ट ने राजपाल यादव को आदेश का पालन करने के लिए मंगलवार तक का आखिरी मौका दिया है। मामले में बुधवार को दोबारा सुनवाई होगी। यह मामला लंबे समय से चल रहे सात चेक बाउंस मामलों से जुड़ा है। राजपाल यादव ने साल 2010 में अपनी फिल्म %अता पता लापता% के निर्माण के लिए मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से करीब 5 करोड़ रुपए की वित्तीय मदद ली थी। बाद में फिल्म उम्मीद के मुताबिक नहीं चली और रकम लौटाने को लेकर विवाद शुरू हो गया।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, 2012 में हुए एक समझौते में राजपाल यादव, उनकी पत्नी राधा यादव और उनकी कंपनी ने ब्याज समेत करीब 11 करोड़ रुपए लौटाने पर सहमति जताई थी। इसके बाद 2013 में राजपाल यादव की ओर से 1.05 करोड़ रुपए के सात चेक दिए गए, लेकिन ये चेक बाउंस हो गए।

इसके बाद मुरली प्रोजेक्ट्स ने चेक बाउंस के सात अलग-अलग मामले दर्ज कराए। अप्रैल 2018 में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने राजपाल यादव को दोषी ठहराया और उन्हें छह महीने की सजा सुनाई। इसके बाद मामला सेशंस कोर्ट और फिर दिल्ली हाई कोर्ट तक पहुंचा। कई साल तक इस मामले में सजा पर रोक, भुगतान और समझौते की कोशिशें चलती रहीं। दिल्ली हाई कोर्ट ने जुलाई 2026 में राजपाल यादव की दोषसिद्धि बरकरार रखते हुए सातों मामलों में तीन-तीन महीने की साधारण कैद की सजा सुनाई। मामले में फरवरी 2026 में भी राजपाल यादव को जेल जाना पड़ा था। दिल्ली हाई कोर्ट ने बार-बार भुगतान के आश्वासन पूरे नहीं होने पर उनकी सजा पर मिली राहत हटा दी थी और उन्हें जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने उस समय कहा था कि उन्हें कई मौके दिए जा चुके हैं, लेकिन शिकायतकर्ता कंपनी को भुगतान करने के वादे पूरे नहीं किए गए। इसके बाद राजपाल यादव ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। 8 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सरेंडर से अंतरिम राहत दी थी, लेकिन इसके लिए कोर्ट की रजिस्ट्री में 5 करोड़ रुपए जमा करने की शर्त रखी गई थी। 15 सितंबर को जब मामला फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो राजपाल यादव की ओर से रकम जमा करने के लिए और समय मांगा गया। कोर्ट ने उन्हें आखिरी मौका देते हुए दो हफ्ते में 2 करोड़ रुपए जमा करने और बाकी रकम के भुगतान के लिए ठोस प्रस्ताव देने को कहा। साथ ही सरेंडर से मिली अंतरिम राहत को 5 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया था।

चंडीगढ़ मतदाता सूची विवाद :

दो लाख लोगों के वोट हटने की आशंका पर उठे गंभीर सवाल, सेकंड-क्लास रेजिडेंट बनने का खतरा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। चंडीगढ़ में मतदाता सूची के पुनरीक्षण (रिवीजन) के दौरान लगभग दो लाख लोगों के नाम हटने की आशंका ने लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व और नागरिकों के अधिकारों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मुद्दे को लेकर 'सेकंड इनिंग्स एसोसिएशन' (SIA) ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गहरी चिंता जताई है। मुख्य बिंदु और चिंताएं ः नागरिक अधिकार बनाम मतदान का अधिकारः यदि कोई व्यक्ति चंडीगढ़ में निवास करता है, उसका घर-परिवार और कारोबार यहाँ है, तथा वह शहर की सभी सुविधाओं और कर (ञ्जड्डु×) व्यवस्था का हिस्सा है, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में नहीं है–तो वह व्यक्ति शहर में मौजूद होते हुए भी लोकतांत्रिक निर्णय प्रक्रिया से पूरी तरह बाहर हो जाता है।

'सेकंड-क्लास रेजिडेंट' जैसी स्थितिः स्थिति ऐसी प्रतीत होती है मानो लोगों को शहर में रहने और कमाने का अधिकार तो है, लेकिन अपनी पसंद की सरकार या प्रतिनिधि चुनने का अधिकार नहीं छीना जा रहा हो। यह केवल नाम कटने का मामला नहीं, बल्कि नागरिकों की राजनीतिक आवाज़ का प्रश्न है। प्रशासनिक त्रुटियां और सुधार का अवसरः यदि किसी वास्तविक मतदाता का नाम प्रशासनिक कठिनाइयों, दस्तावेज़ी कमियों या सत्यापन प्रक्रिया की त्रुटियों के कारण हटा है, तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उन्हें अपनी बात रखने और नाम दोबारा जुड़वाने का पर्याप्त व व्यावहारिक अवसर मिले। नागरिक केवल मतदाता सूची का एक नंबर नहीं, बल्कि समाज और करदाता का हिस्सा होता है। एसआईए (SIA) की माँगः सेकंड इनिंग्स एसोसिएशन का स्पष्ट मानना है कि किसी भी वास्तविक मतदाता को केवल प्रक्रियागत जटिलताओं के कारण मतदान के अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रभावित लोगों को समय पर सूचना मिले और सुधार का मौका मिले, ताकि कोई भी नागरिक अनजाने में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बाहर न हो।

बंगाली फिल्म अभिनेता कोयल मलिक राज्यसभा नामांकन के एक दिन बाद भाजपा में शामिल हो गईं

कोलकाताः मशहूर बंगाली फ़िल्मि एक्ट्रेस और तृणमूल

डेली आवाज भारती



दीपांशु पांडे : कांग्रेस की पूर्व सांसद रुक्मिणी मल्लिक ने सोमवार को आधिकारिक तौर पर BJP जॉइन कर ली। पार्टी ने उन्हें आने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित करने के ठीक एक दिन बाद यह कदम उठाया। जाने-माने बंगाली एक्टर रंजीत मल्लिक की बेटी कोयल को पहले तृणमूल कांग्रेस (TMC) ने राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया था और उन्होंने 6 अप्रैल से 16 जुलाई तक सांसद के तौर पर काम किया। पिछले विधानसभा चुनावों में TMC की करारी हार के बाद उन्होंने इस्तीफ़ा दे दिया था। कोयल का बीजेपी में स्वागत करते हुए, पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के महासचिव शशि अग्निहोत्री ने कहा कि कोएल सोमवार को ही राज्यसभा सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगी।

आज BJP के राज्य मुख्यालय में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोएल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने उन्हें इस पद के लिए चुना है। उन्होंने कहा, मैं BJP में इसलिए शामिल हुई क्योंकि पिछले कुछ महीनों से BJP के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल राज्य सरकार के तहत विकास का काम चल रहा है। संसद के उच्च सदन की सदस्य बनना और लोगों की भलाई के लिए काम करने का मौका मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात होगी। पश्चिम बंगाल की निवासी होने के नाते, मुझे राज्य में हाल के महीनों में शुरू हुए विकास कार्यों को देखकर बहुत खुशी हो रही है।कोएल ने आगे कहा, मैं प्रार्थना करती हूँ कि बंगाल के लोग खुश रहें, राज्य में रोज़गार के अवसर बढ़ें और लोगों को काम की तलाश में दूसरे राज्यों में न जाना पड़े। जो लोग मुझे पसंद नहीं करते, उनसे मुझे कोई नाराज़गी नहीं है क्योंकि साइकोलॉजी की स्टूडेंट होने के नाते मैं इन बातों को समझती हूँ। जिन लोगों को मेरा अपमान करने में मज़ा आया, हो सकता है कि उन्होंने ऐसा अपनी ज़िंदगी की किसी दबी हुई निराशा की वजह से किया हो। TMC के साथ अपने जुड़ाव के बारे में उन्होंने कहा कि वह ऐसी इंसान हैं जो कभी दूसरों के बारे में बुरा नहीं बोलतीं और सभी को सकारात्मक नज़रिए से देखती हैं। उन्होंने कहा, ÷हर पार्टी अपनी विचारधारा के आधार पर जनहित में काम करने की कोशिश करती है; सबका रास्ता अलग-अलग होता है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में राज्यसभा की कुल 12 सीटों के लिए चुनाव 16 अक्टूबर को होने हैं। चूंकि पश्चिम बंगाल विधानसभा में BJP के पास पूर्ण बहुमत है, इसलिए उनके राज्यसभा के लिए चुने जाने की प्रक्रिया आसानी से पूरी होने की उम्मीद है।

पावरग्रिड ने सीएसआर पहल के तहत पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ में 'पावरग्रिड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित किया

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने अपने उत्तरी क्षेत्र-II क्षेत्रीय मुख्यालय, जम्मू के माध्यम से अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (पीईसी), चंडीगढ़ में ÷पावरग्रिड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस÷ की स्थापना की है। यह परियोजना पावरग्रिड और पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ के बीच लगभग 17.19 करोड़ की लागत से 06 जून,2025 में हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत क्रियान्वित की गई है। इस पहल का उद्देश्य विद्युत क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना, समकालीन तकनीकी चुनौतियों का समाधान करना तथा उद्योग की उभरती आवश्यकताओं के अनुरूप एक कुशल कार्यबल तैयार करना है। पावरग्रिड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से शैक्षणिक मानकों में वृद्धि, नवाचार को प्रोत्साहन तथा सतत कार्यप्रणालियों को बढ़ावा देकर पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज के शैक्षणिक और अनुसंधान परिवेश को और अधिक सुदृढ़ किए जाने की उम्मीद है। इस पहल से पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर एवं अन्य क्षेत्रों के छात्रों सहित शोधकर्ताओं और शैक्षणिक समुदाय को व्यापक लाभ प्राप्त होगा। पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न विषयों में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। हस्तांतरण समारोह के दौरान, पावरग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री वामसी राममोहन बुरा ने औपचारिक रूप से यह %पावरग्रिड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस% पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (पीईसी), चंडीगढ़ के निदेशक, प्रो. राजेश कुमार भाटिया को सौंपा। यह समारोह डॉ. यतीन्द्र द्विवेदी, निदेशक (कार्मिक), पावरग्रिड; श्री अखिलेश पाठक, निदेशक (परियोजनाएं), पावरग्रिड; श्री नवीन कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, पावरग्रिड; और श्री तरुण बजाज, कार्यपालक निदेशक, पावरग्रिड उत्तरी क्षेत्र-II के साथ-साथ पावरग्रिड और पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर ने उद्योग-अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ करने तथा शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया। इस अवसर पर बोलते हुए, पावरग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री वामसी राममोहन बुरा ने प्रभावशाली सीएसआर पहलों के माध्यम से शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई।

पॉक्सो मामले में युवक बरी, अभियोजन पक्ष आरोप साबित नहीं कर सका

- बयानों में विरोधाभास और एफआईआर दर्ज करने में देरी बनी बरी होने का आधार

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। चंडीगढ़ की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की जज डॉ. यशिका (एएसजे) ने 24 वर्षीय जसप्रीत सिंह को पॉक्सो मामले में सभी आरोपों से बरी कर दिया। उस पर वर्ष 2021 में कथित यौन अपराध करने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2) और 376(3) तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 4(2) और 6 के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस स्टेशन-11 में 23 अगस्त 2025 को दर्ज एफआईआर के अनुसार कथित घटना वर्ष 2021 में चंडीगढ़ में हुई थी। शिकायतकर्ता पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया था कि 14 जुलाई 2025 को पीड़िता के पिता ने उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद 16 जुलाई को वह वापस घर आ गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, पीड़िता ने 21 अगस्त 2025 को बताया कि आरोपी ने किसी से उसका मोबाइल नंबर लेकर उसे फोन करना शुरू किया था। कुछ दिनों बाद पीड़िता ने आरोपी से बातचीत शुरू कर दी, क्योंकि उसने उससे शादी करने का वादा किया था। शिकायत के मुताबिक, आरोपी बाद में पीड़िता को अपने दोस्त के घर ले गया, जहां उसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। ऐसा दो-तीन बार हुआ। पीड़िता ने यह भी बताया कि बाद में जब भी आरोपी उसे सड़क पर मिलता था तो वह उसे संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था। इसके बाद 23 अगस्त 2025 को आरोपी के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता मनदीप कुमार और कशिश जैन ने अभियोजन पक्ष के मामले में सबूतों की कमी, बयानों में विरोधाभास, जांच में खामियों, एफआईआर दर्ज करने में देरी और आरोपों की पुष्टि नहीं होने का मुद्दा उठाया। अधिवक्ता मनदीप कुमार ने दलील दी कि मुख्य गवाह पीड़िता ने आरोपी को झूठा फंसाया है। उन्होंने अदालत के समक्ष कहा कि पीड़िता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 183 के तहत दो अलग-अलग बयान दिए थे, जो एक-दूसरे से मेल नहीं खाते। पहले बयान में उसने कहा था कि वह अपने माता-पिता की वजह से अपनी मौसी के घर गई थी और बाद में खुद वापस आ गई, जबकि दूसरे बयान में उसने आरोपी पर यौन अपराध करने का आरोप लगाया।

सड़कों की बदहाली और फाइव-स्टार आयोजनों पर आप का हमला : विजय पाल सिंह बोले– जनता के पैसे की हो रही है फिजूलखर्ची

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) चंडीगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष विजय पाल सिंह ने फाइव-स्टार होटल माउंटव्यू में आयोजित दो दिवसीय 'ऑल इंडिया मेयर्स काउंसिल' के सम्मेलन को लेकर भाजपा शासित नगर निगम पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस आयोजन को जनता के टैक्स के पैसे की सरासर फिजूलखर्ची करार दिया है। विजय पाल सिंह ने कहा कि एक तरफ चंडीगढ़ की सड़कें महीनों से खुदी पड़ी हैं, जगह-जगह गड्ढे हैं, सीवरेज व्यवस्था बदहाल है और वार्डों के विकास के नाम पर पार्षदों को फंड की कमी का रोना रोया जाता है, वहीं दूसरी ओर आलीशान आयोजनों और वीआईपी मेहमाननवाजी पर सरकारी खजाने का पानी की तरह बहाया जा रहा है।

दिखावे की राजनीतिः विजय पाल सिंह ने सवाल उठाया कि जब नगर निगम के पास शहर की बुनियादी समस्याओं को दूर करने के लिए पर्याप्त धन नहीं है, तो फाइव-स्टार होटल में ऐसे आयोजन करने पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करने का क्या औचित्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जनता की गाढ़ी कमाई को विकास के बजाय अपनी राजनीतिक ब्रांडिंग पर खर्च कर रही है। **बदहाल बुनियादी ढांचाः** उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में %सिटी ब्यूटीफुल% की व्यवस्थाएं लगातार कमजोर हुई हैं। मुख्य और अंदरूनी सड़कों की बदहाली के कारण वाहन चालकों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सम्मेलनों का दौर और जनता की अनदेखीः उन्होंने याद दिलाया कि जून 2026 में ऋषिकेश और जुलाई में दिल्ली के बाद अब चंडीगढ़ में हो रहे ये सम्मेलन शहर की वास्तविक समस्याओं से ध्यान भटकाने का जरिया बन चुके हैं। डड्डुमाजरा डंपिंग ग्राउंड, सीवरेज और टूटी सड़कों पर भाजपा को जवाब देना चाहिए।

मेयर सम्मेलन का बहिष्कारः इसी तानाशाही और फिजूलखर्ची के विरोध में आम आदमी पार्टी के नगर निगम पार्षदों ने इस सम्मेलन में शामिल नहीं होने का स्पष्ट फैसला लिया है।

विजय पाल सिंह ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि आम आदमी पार्टी जनता के टैक्स के पैसे की इस लूट को लेकर चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने मांग की कि नगर निगम ऐसे आयोजनों पर अनावश्यक खर्च तुरंत रोके और शहर की टूटी सड़कों व सीवरेज जैसी बुनियादी समस्याओं के समाधान पर ध्यान दे।

सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

रिश्वत के मामले में दिल्ली पुलिस का सब-इंस्पेक्टर गिरफ्तार

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने रिश्वतखोरी के मामले में दिल्ली पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया है।

आरोपी सब-इंस्पेक्टर प्रशांत विहार पुलिस स्टेशन में तैनात था। सीबीआई ने रविवार को एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि प्रशांत विहार पुलिस स्टेशन में दर्ज एक आपराधिक मामले के जांच अधिकारी (सब-इंस्पेक्टर) ने शिकायतकर्ता से मामले में उसका पक्ष लेने के बदले एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई के अनुसार, शिकायतकर्ता की तलाशी के दौरान आरोपी को उसकी जेब में 20,000 रुपए मिले और उसने दबाव डालकर वह रकम उससे ले ली। इसके बाद आरोपी ने शिकायतकर्ता से बाकी के 80,000 रुपए अगले दिन लाने को कहा। इसके बाद सीबीआई ने 4 अक्टूबर को जाल बिछाया और आरोपी सब-इंस्पेक्टर को शिकायतकर्ता से 80,000 रुपए मांगते और लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच चल रही है। एजेंसी ने कहा कि भ्रष्ट सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ उसकी कार्रवाई भ्रष्टाचार को रोकने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दिखाती है और उसने नागरिकों से सरकारी अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार या रिश्वत की मांग के मामलों की रिपोर्ट करने का आग्रह किया। एजेंसी ने कहा, ÷भ्रष्ट सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ सीबीआई की सख्त कार्रवाई भ्रष्टाचार को रोकने के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। जो नागरिक भ्रष्टाचार के मामलों का सामना करते हैं या जिनसे सरकारी अधिकारी रिश्वत की मांग करते हैं, उन्हें ऐसे मामलों की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। वे अपनी शिकायतें दर्ज कराने या संबंधित जानकारी साझा करने के लिए सीबीआई के कार्यालय जा सकते हैं।

अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत सभापति व समाज के पार्षदों का सम्मान 8 अक्टूबर को किया जाएगा

टोंक। श्री अग्रवाल समाज समिति के तत्वावधान में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव-2026 का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में एक सप्ताह के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नवयुवक मण्डल अध्यक्ष रितुराज अग्रवाल ने बताया कि 5 व 6 अक्टूबर को श्री अग्रसेन नवयुवक मंडल व महिला मंडल की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 7अक्टूबर को क्रिकेट मैच सिद्धार्थ नगर डाइट रोड व 8अक्टूबर को समाज द्वारा सभापति व समाज के पार्षदों का सम्मान ओर सामुहिक गोठ का आयोजन राज मिडवे टोंक में होगा । 9 अक्टूबर को डांडिया व नृत्य प्रतियोगिता रात 8 बजे, व 10 अक्टूबर को बाल मेला व महिला प्रतियोगिता समारोह का आयोजन 12 से 5 बजे तक अग्रवाल धर्मशाला टोंक मे आयोजित किया जाएगा । 11अक्टूबर को प्रातः 9 बजे अग्रसेन सर्कल पर भगवान अग्रसेन जी महाराज का मालार्पण व पूजन किया जायेगा।

CMYK

page 8_Layout 1 05-10-2026 20:47 Page 1

पंजाब कैबिनेट के बड़े फैसले

नर्सिंग नियमों में बदलाव और चुनाव आयोग के लिए नए पदों को दी मंजूरी

- मुख्य चुनाव अधिकारी के दफ़्तर में नए पद
- नर्सिंग शिक्षा सेवा नियम, 2016 में संशोधन

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में पंजाब कैबिनेट ने सोमवार को प्रशासनिक कामकाज, नर्सिंग सेवाओं, कर्मचारियों और पर्यटन से जुड़े कई अहम फ़ैसलों को मंजूरी दी। कैबिनेट बैठक के बाद वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने इन फ़ैसलों की जानकारी दी। कैबिनेट ने पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी के दफ़्तर में नए पद बनाने को मंजूरी दी। सरकार के मुताबिक, इस कदम से चुनाव से जुड़े कामों को बेहतर बनाने और सरकारी कामकाज में तेज़ी लाने में मदद मिलेगी। यह फ़ैसला ऐसे समय में लिया गया है जब राज्य में 2026 की वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न (SIR) का काम भी चल रहा है। कैबिनेट ने पंजाब नर्सिंग शिक्षा सेवा नियम, 2016 में बदलाव को भी मंजूरी दी। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि 2021 में नर्सिंग शिक्षा विभाग के पुनर्गठन के बाद नए सेवा नियम नहीं बन पाए थे। इस दौरान लगभग 1,467 नर्सिंग स्टाफ़ की भर्ती की गई थी। अपडेटेड नियमों के अभाव में कर्मचारियों को प्रमोशन और सेवा से जुड़े अन्य मामलों में व्यावहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब बदले हुए नियमों के लागू होने से नर्सिंग स्टाफ़ के लिए सेवा से जुड़ी प्रक्रियाएँ ज़्यादा साफ़ और सुव्यवस्थित होने की उम्मीद है।

नॉन-टीचिंग कर्मचारियों के लिए अहम फ़ैसला

कैबिनेट ने PITS के तहत काम करने वाले नॉन-टीचिंग कर्मचारियों की सेवाओं को सोसाइटी के दायरे में लाने और उन्हें रेगुलर करने का फ़ैसला भी किया। सरकार के मुताबिक, इस कदम से लंबे समय से काम कर रहे कर्मचारियों को नौकरी में ज़्यादा स्थिरता मिलेगी। चीमा ने कहा कि कंप्यूटर टीचरों को पहले ही सोसाइटी के दायरे में लाया जा चुका था। अब सरकार ने बाकी बचे नॉन-टीचिंग कर्मचारियों के बारे में भी फ़ैसला ले लिया है। पठानकोट में पर्यटन को बढ़ावा देने पर ज़ोर कैबिनेट की बैठक में पंजाब के पर्यटन क्षेत्र के विकास पर भी चर्चा हुई, जिसमें पठानकोट और आस-पास के इलाकों में पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने और उन्हें विकसित करने पर खास ज़ोर दिया गया। पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के पास स्थित पठानकोट एक अहम ट्रैवल हब है और यहाँ से होकर कई पहाड़ी जगहों पर जाने वाले पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। सरकार का मानना है कि पर्यटन के नक्शे पर इस इलाके की प्राकृतिक और ऐतिहासिक जगहों को उभारने से रोज़गार के और मौके बन सकते हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल सकता है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि कैबिनेट के फैसलों का मकसद प्रशासनिक व्यवस्था को मज़बूत करना, कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को सुलझाना और राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में विकास की रफ़्तार बढ़ाना है।

डीए मामला:

पंजाब के मुख्य सचिव KAP सिन्हा हाई कोर्ट में पेश हुए : क्या नतीजा निकला?



चंडीगढ़। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने सोमवार को पंजाब सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते डी की रुकी हुई किस्तों को जारी करने से जुड़े मामले पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान पंजाब के मुख्य सचिव KAP सिन्हा कोर्ट में पेश हुए। सुनवाई के दौरान, पंजाब सरकार ने एक हलफनामे के ज़रिए हाई कोर्ट को बताया कि इस मामले में उनकी अपील सुप्रीम कोर्ट में लंबित है इस जानकारी पर ध्यान देते हुए, हाई कोर्ट ने अपनी रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि वह सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से पंजाब सरकार द्वारा दायर अपील की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी हासिल करे और मंगलवार सुबह तक वह जानकारी कोर्ट के सामने पेश करे। हाई कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 6 अक्टूबर की तारीख तय की है। कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया कि मंगलवार की सुनवाई के दौरान पंजाब के मुख्य सचिव KAP सिन्हा को मौजूद रहना होगा। अगली सुनवाई पर पंजाब सरकार के उन कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की नज़र है जो अपने DA की रुकी हुई किस्तों के जारी होने का इंतज़ार कर रहे हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में कृषि भवन नई दिल्ली में पहली समग्र मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

- पीएम श्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट विजन है कि योजनाओं का लाभ फाइलों में नहीं, किसानों की लाइफ में दिखे- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। केंद्र सरकार की कृषि नीतियों का मूल मंत्र किसानों को सीधी आर्थिक सहायता, सुलभ संस्थागत ऋण, डिजिटल सशक्तिकरण, आधुनिक ग्रामीण ढांचा, प्राकृतिक खेती, मजबूत किसान उत्पादक संगठन (FPO) और दलहन-तिलहन में देश को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाना है। इस उद्देश्य को जमीन पर साकार करने के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज कृषि भवन में मंत्रालय की पहली समग्र मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ÷फाइल में नहीं, लाइफ में बदलाव÷ के दृष्टिकोण को आधार बनाते हुए केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने स्पष्ट किया कि सरकार का ध्येय केवल उत्पादन के आंकड़े बढ़ाना नहीं, बल्कि आयात पर विदेशी निर्भरता को समाप्त कर किसानों को ज्यादा से ज्यादा आर्थिक अवसर उपलब्ध कराना है। इस उच्चस्तरीय बैठक में फैसला लिया गया कि मंत्रालय के सभी विभागों, प्रभागों और राष्ट्रीय मिशनों के कामकाज की अब हर महीने नियमित समीक्षा होगी और अधिकारियों के मासिक वित्तीय व भौतिक लक्ष्य तय किए जाएंगे। बैठक में केंद्रीय कृषि सचिव श्री अतीश चंद्रा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत 10.77 करोड़ से अधिक विशिष्ट %फार्मर आईडी% बनने, दलहन व तिलहन में राष्ट्रीय लक्ष्य पार होने, प्राकृतिक खेती के अभूतपूर्व विस्तार और फसल बीमा योजना में 23 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोतरी जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियों को रेखांकित किया गया, जिसकी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने सराहना की। इसके साथ ही खेतों की मिट्टी की रक्षा और फसलों की सुरक्षा के लिए इसी महीने से शुरू होने जा रहे राष्ट्रव्यापी %खेत बचाओ अभियान% की रूपरेखा तय की गई। वहीं, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत राज्यों को निरंतर स्वीकृतियां जारी रखने का भरोसा दिलाते हुए केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने पिछड़ रहे राज्यों और जिलों में प्रशासनिक ढिलाई दूर करने के कड़े निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मिट्टी की घटती सेहत, पराली व अवशेष प्रबंधन और रासायनिक खादों के असंतुलित उपयोग से खेतों को बचाने के लिए एक बड़े राष्ट्रव्यापी अभियान के बारे में बताया कि इसी माह 22 तारीख से पूरे देश में सघन 'खेत बचाओ अभियान' शुरू किया जा रहा है।

मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार द्वारा राज्यभर में धान की सुचारू खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध: लाल चंद कटारूचक

- राज्य की खरीद एजेंसियों ने 3.83 लाख मीट्रिक टन की आवक में से 3.44 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा; किसानों को 188 करोड़ रुपये का भुगतान

डेली आवाज भारती





खरड़ , संदीप अकालगढ़िया : पंजाब के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री श्री लाल चंद कटारूचक ने आज कहा कि मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार द्वारा राज्यभर में धान की सुचारू एवं निर्बाध खरीद सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खरीद प्रक्रिया की लगातार निगरानी की जा रही है ताकि किसानों को मंडियों में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। खरड़ अनाज मंडी में चल रही धान की खरीद व्यवस्था का जायजा लेते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अब तक पंजाब की मंडियों में 3.83 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है, जिसमें से राज्य की खरीद एजेंसियों द्वारा 3.44 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि खरीदे गए धान के बदले किसानों को 188 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

श्री कटारूचक ने कहा कि आने वाले दिनों में धान के उठान की गति को और तेज किया जाएगा। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि मंडियों में बारदाने की कोई कमी नहीं है तथा खरीद प्रक्रिया को सुचारू ढंग से चलाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा सरकारी कोटे के लिए निर्धारित 180 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य आसानी से पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खरीद कार्यों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 42,700 करोड़ रुपये की नकद ऋण सीमा पहले ही स्वीकृत की जा चुकी है।

खरीद प्रबंधों की समीक्षा के दौरान मंत्री ने किसानों, आढ़तियों तथा अन्य संबंधित पक्षों से बातचीत कर मंडी में पेश आ रही समस्याओं और व्यवस्थाओं संबंधी प्रतिक्रिया भी प्राप्त की। मंत्री की उपस्थिति में पनसप द्वारा किसान श्री मनदीप सिंह निवासी त्रिपड़ी की धान की फसल खरीदी गई, जो उसी दिन अपनी फसल लेकर मंडी पहुंचे थे। श्री कटारूचक ने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि धान की खरीद की प्रविष्टि सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर किसानों के बैंक खातों में भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी खरीद एजेंसियां आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए खरीद, उठान और भुगतान की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी करें। इस अवसर पर सांसद श्री मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि राज्य में पहले से मौजूद अनाज के भंडार को केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के साथ तालमेल कर जल्द खाली करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान द्वारा इस संबंध में केंद्रीय खाद्य मंत्री श्री प्रहलाद जोशी को पहले ही पत्र लिखा जा चुका है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा भंडार सरकारी कोटे से संबंधित है और आने वाले धान के भंडार के लिए आवश्यक जगह उपलब्ध करवाने हेतु इस स्टॉक को खाली करवाना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। पंजाब युवा विकास बोर्ड के चेयरमैन श्री परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर आने वाली समस्याओं का संबंधित विभागों के साथ तालमेल कर समाधान किया जा रहा है, ताकि किसानों को मंडी में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बस पलटने से एलपीयू के छात्र समेत 3 की मौत

नवांशहरः नवांशहर में एक प्राइवेट बस बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में महिला, ड्राइवर और LPU के एक छात्र की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।हादसा सोमवार सुबह करीब 5 बजे बंगा के पास गांव मजारी में हुआ। बस में 25 सवारियां सवार थी, जो मनाली से अमृतसर आ रही थी। इसमें लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU) के छात्र भी सवार थे। ड्राइवर को नींद की झपकी आने से बस बेकाबू हो गई, फ्लाईओवर की रेलिंग तो ते हुए सर्विस रोड पर जाकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि बस के परखच्चे उड़ गए।हादसे के बाद बंगा पुलिस और राहत टीमें मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तीनों मृतकों के शव कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल में रखवा दिए हैं।

चंडीगढ़ के सेक्टर 32-डी में केमिस्ट शॉप पर छापा, 87 हजार की दवाएं जब्त

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। नशा मुक्त अभियान के तहत चंडीगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। सेक्टर 32-डी स्थित पम्मी मेडिकोज पर छापा मारकर 87 हजार रुपये की दवाएं जब्त की हैं। संचालक को नोटिस जारी किया गया है। यह कार्रवाई सोमवार को स्वास्थ्य सचिव मंदीप सिंह बराड़ के मार्गदर्शन और निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सुमन सिंह के निर्देश पर की गई।इस मामले में हेल्पलाइन पर शिकायत मिली थी, जिसके बाद औषधि निरीक्षक अमित लखनपाल ने थाना सेक्टर-34 की पुलिस टीम के साथ मेसर्स पम्मी मेडिकोज पर छापा मारा। दुकान पर कई गंभीर अनियमितताएं मिलीं। संचालक दवाओं की खरीद और बिक्री का रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं कर सका। जीवनरक्षक दवाओं के भंडारण संबंधी शर्तों का भी उल्लंघन किया जा रहा था। इस पर कार्रवाई करते हुए टीम ने नौ प्रकार की दवाएं जब्त की। जब्त दवाओं में टेपेंटाडोल, जोलपिडेम और अल्प्राज़ोलम युक्त कुल 100 गोलियां, गर्भावस्था के चिकित्सकीय समापन की दो एमटीपी किट औरकमरे के तापमान पर रखी गई इंसुलिन की 40 पहले से भरी हुई सिरिंज (प्री-फिल्ड सिरिंज) जब्त की गई, जबकि इन्हें फ्रिज में एक निश्चित तापमान पर रखना अनिवार्य होता है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जब्त की गई सभी दवाओं की कीमत लगभग 87 हजार रुपये है। सैंपल जांच के लिए भेजे हैं। दुकान संचालक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। अधिकारियों ने कहा कि नशे में इस्तेमाल होने वाली दवाओं और जीवनरक्षक दवाओं के गलत भंडारण को लेकर विभाग सख्त है और कार्रवाई जारी रहेगी।

NZ-ISACON 2026 ने एनेस्थीसिया के भविष्य को आकार देने के लिए नॉर्थ ज़ोन के एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स को एक साथ लाया

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (PGIMER), चंडीगढ़ के एनेस्थीसिया और इंटेंसिव केयर विभाग ने 1 से 4 अक्टूबर 2026 तक चंडीगढ़ में 22वें नॉर्थ ज़ोन ISA सम्मेलन (NZ ISACON 2026) का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

यह सम्मेलन "Gen X âð Gen Z Alpha: एनेस्थीसिया के भविष्य को आकार देना थीम के तहत आयोजित किया गया था। चार दिनों के इस एकेडमिक प्रोग्राम में 400 से अधिक एनेस्थीसियोलॉजिस्ट, नर्सिंग अधिकारी, टेक्नीशियन, ट्रेनी, पुलिसकर्मी और अन्य हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स शिक्षा, कौशल विकास, एकेडमिक आदान-प्रदान और हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग के व्यापक कार्यक्रम के लिए एक साथ आए। इस सम्मेलन का आयोजन PGIMER, चंडीगढ़ के एनेस्थीसिया और इंटेंसिव केयर विभाग की प्रमुख और आयोजन चेयरपर्सन डॉ. काजल जैन के नेतृत्व में किया गया, जिसमें एनेस्थीसिया और इंटेंसिव केयर विभाग के प्रोफेसर डॉ. जीतेंद्र मक्कर ने आयोजन सचिव के रूप में कार्य किया। कार्यक्रम की शुरुआत 1 अक्टूबर 2026 को नर्सिंग अधिकारियों, टेक्नीशियनों और पुलिसकर्मियों के लिए प्री-कॉन्फ्रेंस ट्रेनिंग वर्कशॉप की एक श्रृंखला के साथ हुई, जिसमें इमरजेंसी रिस्पॉन्स, रिससिटेशन (पुनर्जीवन), मरीज़ की सुरक्षा और फर्स्ट रिस्पॉन्स से संबंधित व्यावहारिक कौशल पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके बाद चंडीगढ़ के 'द ललित' में दो दिवसीय मुख्य वैज्ञानिक सम्मेलन हुआ, जिसमें विशेषज्ञ व्याख्यान, पैनल चर्चा, इंटरैक्टिव एकेडमिक सत्र, वैज्ञानिक प्रस्तुतियाँ और एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर में समकालीन और उभरते घटनाक्रमों पर चर्चा शामिल थी। सम्मेलन की मुख्य विशेषताओं में से एक दुनिया भर के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध फैकल्टी के प्रतिष्ठित पैनल की भागीदारी थी। इस कॉन्फ्रेंस ने रिसर्च, एकेडमिक एक्सचेंज और प्रोफेशनल सहयोग के लिए एक मंच प्रदान किया, जिसमें पूरे नॉर्थ ज़ोन के हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स ने हिस्सा लिया। युवा रिसर्चर्स और ट्रेनीज़ को प्रेजेंटेशन और एकेडमिक प्रतियोगिताओं के ज़रिए अपने वैज्ञानिक काम को दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। दो दिन के शेड्यूल में शुरुआती करियर वाले डॉक्टरों के लिए पांच खास मास्टरक्लास भी शामिल थीं। कॉन्फ्रेंस में ह्यूम के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. नवीन मल्होत्रा का प्रेसिडेंशियल भाषण हुआ, साथ ही प्रतिष्ठित डॉ. जी.एल. कामरा और डॉ. प्रीतम सिंह के भाषण भी हुए।

अदालत की तरफ से भगौड़ा करार दिए व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया



पुलिस की तरफ से गिरफ्तार किए भगौड़े के साथ कर्मचारी जानकारी देते हुए।

- गिरफ्तार दोषी को अदालत में पेश करके न्यायक हिरासत में भेजा

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार अपराधिक मामलों में भगौड़ा करार दिए गए व्यक्तियों को गिरफ्तार करने के लिए चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान अदालत की तरफ से भगौड़ा करार दिए गए व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी देते हुए एएसआई जनक राज ने ताया कि दोषी गुरजीत सिंह पुत्र चिमन सिंह वासी गांव मतड़ उताड़ फिरोजपुर को 1 दिसंबर 2025 को अदालत ने भगौड़ा करार दिया था। उक्त भगौड़े को पुलिस ने बीते दिन गिरफ्तार करके अदालत में पेश कर न्यायक हिरासत में भेज दिया है और दोषी कानून अनुसार दोषी पर कार्रवाई कर रही है।

24 घंटे में खन्ना पुलिस का नशा तस्करों पर बड़ा प्रहार, 61 आरोपी गिरफ्तार, 24 मुकदमे दर्ज

13 नशा हॉटस्पॉट्स पर एक साथ छापेमारी, एसएसपी डॉ. दरपण आहलूवालिया की दो टूक, नशे के कारोबार से जुड़े किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शेंगे

डेली आवाज भारती







खन्ना/लुधियाना,रवीश कपूरः पंजाब में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खन्ना पुलिस ने 24 घंटे तक चलाए गए व्यापक कासो ऑपरेशन के दौरान बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव के निर्देशों और एसएसपी डॉ. दरपण आहलूवालिया के नेतृत्व में जिला खन्ना के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ तलाशी अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 24 मुकदमे दर्ज कर 61 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक पुराने मामले में वांछित भगोड़े को भी दबोचा गया। इसके साथ ही नशा तस्करी से जुड़े 13 हॉटस्पॉट्स पर विशेष तलाशी अभियान चलाया गया। एसएसपी डॉ. दरपण आहलूवालिया ने कहा कि ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के साथ-साथ नशे की सप्लाई चेन को तोड़ना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। थाना स्तर पर हुई कार्रवाई थाना सदर खन्ना पुलिस ने 4 मुकदमे दर्ज कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा 2 नशा हॉटस्पॉट्स पर तलाशी ली। सिटी थाना-1 ने 2 मुकदमे दर्ज कर 5 आरोपियों को काबू किया और एक हॉटस्पॉट की जांच की। सिटी थाना-2 पुलिस ने 3 मुकदमे दर्ज कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा एक हॉटस्पॉट पर तलाशी अभियान चलाया। पायल थाना पुलिस ने 3 मुकदमे दर्ज कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 2 हॉटस्पॉट्स पर कार्रवाई की। दोराहा थाना पुलिस ने भी 3 मुकदमे दर्ज कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। क्षेत्र के 2 हॉटस्पॉट्स पर तलाशी के साथ-साथ पुलिस ने एक पुराने मामले में वांछित भगोड़े आरोपी को भी गिरफ्तार किया। थाना मलौद पुलिस ने 4 मुकदमे दर्ज कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 2 हॉटस्पॉट्स की तलाशी ली। थाना समराला पुलिस ने 3 मुकदमे दर्ज कर 10 आरोपियों को काबू किया तथा 2 हॉटस्पॉट्स पर कार्रवाई की। वहीं माछीवाड़ा साहिब थाना पुलिस ने 2 मुकदमे दर्ज कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया और एक हॉटस्पॉट की तलाशी ली।

पूरे नेटवर्क पर पुलिस की नजर

एसएसपी डॉ. दरपण आहलूवालिया ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई केवल छोटे स्तर पर नशा बेचने वालों तक सीमित नहीं है, बल्कि नशे की सप्लाई से जुड़े पूरे नेटवर्क और उसके संभावित ठिकानों को निशाना बनाया जा रहा है। हॉटस्पॉट्स पर की गई कार्रवाई इसी रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि नशा बेचने, तस्करी करने या किसी भी रूप में नशे के कारोबार को सहयोग देने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि नशा तस्करी अथवा नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की जानकारी पुलिस के साथ साझा करें। खन्ना पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में नशे के खिलाफ अपनाई जा रही जीरो टॉलरेंस नीति की दिशा में बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आने वाले दिनों में भी नशा तस्करों और उनके नेटवर्क के खिलाफ अभियान को और तेज किया जाएगा।

CMYK